दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 111 जयपुर, सोमवार, 01 अप्रैल, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**बहादुरी को सलाम!** संवाददाता गुणवंत कलाल ने घायल होने के बाद भी नहीं छोड़ा और जीत गया जंग

# सच बेधड़क के पत्रकार ने खूंखार लेपर्ड को अकेले ही दबोचा

**बेधड़क** | डूंगरपुर

सच बेधड़क न्यूज चैनल के मीडियाकर्मी ने बहादुरी की एक मिसाल पेश की। पत्रकार ने साहस का परिचय देते हुए खूंखार लेपर्ड को अकेले ही पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीण भी वहां पहुंच गए और उन्होंने लेपर्ड को रस्सी से बांध दिया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लेपर्ड का रेस्क्यू किया है।

वहीं, घायल मीडियाकर्मी को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना डूंगरपुर के भादर वन क्षेत्र के गड़िया भादर मेतवाला गांव की है। सच बेधड़क न्यूज चैनल के संवाददाता गुणवंत कलाल ने बताया कि गड़िया भादर मेतवाला गांव के लोगों ने बताया कि रविवार सुबह करीब सवा 6 बजे गांव में बने तालाब के पास लेपर्ड दिखाई दिया था। लेपर्ड एक नील गाय का शिकार करने के बाद झाड़ियों में बैठकर खा रहा था। इसी बीच करीब सुबह 7 बजे गुणवंत कलाल कवरेज करने के लिए वहां पहुंचे। वहीं गांव के उप सरपंच सहित कई ग्रामीण झाड़ियों में छिपे लेपर्ड को जंगल की भगाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दरम्यान भीड़ को देखकर लेपर्ड जंगल की तरफ भागने की बजाए लोगों की तरफ भागने लगा। इसी बीच लेपर्ड ने कवरेज करने आए मीडियाकर्मी गुणवंत कलाल पर हमला कर दिया।





### दोनों के बीच पांच मिनट तक हुई जंग

लेपर्ड ने गुणवंत कलाल के एक पैर को जबड़े में दबोच लिया। मीडियाकर्मी पर हमला होते ही दूसरे लोग दूर भाग गए। वहीं, गुणवंत ने खुद को बचाने दूसरे पैर से लेपर्ड के जबड़े पर मारा। इससे पैर छूट गया, लेकिन लेपर्ड ने फिर से अटैक किया तो गुणवंत ने उसके जबड़े को पकड़ लिया और उसके ऊपर बैठ गए। इस दौरान दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक जंग चली। इसमें मीडियाकर्मी गुणवंत कलाल बुरी तरह घायल हो गए। हालांकि, फिर भी उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए लेपर्ड को दबोच लिया और उसके ऊपर बैठ गए। वहीं, दूर खड़े लोगों ने भी हिम्मत दिखाई और रस्सियों से लेपर्ड को बांध दिया। काफी मशक्कत के बाद करीब सवा 8 बजे लेपर्ड पर काबू पाया गया। लेपर्ड के हमले में गुणवंत कलाल बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लेपर्ड का रेस्क्यू किया। वहीं, घायल मीडियाकर्मी गुणवंत कलाल को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## जरूरी खबर

### बास्योडा आज, माता को लगेगा ठंडे पकवानों का भोग



**जयपुर।** शीतला अष्टमी का लोकपर्व सोमवार को परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। इस मौके पर चाकसू स्थित शील की डूंगरी, चंदलाई और नायला सहित कई स्थानों पर मेले भरेंगे। महिलाएं सजधज कर तड़के गीत गाते हुए शीतला माता के मंदिरों में भोग लगाएंगी और पथवारी पूज कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। माता को शीतल व्यंजनों का भोग अर्पण करने के बाद घरों में लोग ठंडा भोजन करेंगे। मान्यता के अनुसार शीतला माता के पूजन और ठंडा भोजन करने से माता प्रसन्न होती है और शीतला जनित रोगों का प्रकोप कम होता है। इसके लिए महिलाओं ने रविवार को रांधा पुआ मनाया गया।

### प्रदेश में आज से 'सड़क' पर सफर हो जाएगा महंगा



**जयपुर।** प्रदेश में नए फाइनेंशियल ईयर यानी एक अप्रैल से सड़क पर सफर महंगा हो जाएगा, क्योंकि नेशनल हाईवे और स्टेट हाइवे पर टोल टैक्स बढ़ा दिया गया है। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले जनता को बड़ा झटका लगा है। अनुबंध शर्तों के मुताबिक टोल दरों में 10 से 30 रुपए तक वृद्धि की गई है। टोल टैक्स की नई दरें मध्य रात्रि से लागू हो गई है। जयपुर से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सफर के साथ ही अन्य टोल प्लाजा पर भी गाड़ी से जाना महंगा हो जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**लोकसभा चुनाव:** गृह मंत्री का दो दिवसीय प्रदेश दौरा

# सभी 25 सीटों पर विजयी होकर लगाएंगे हैट्रिक: शाह

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को सामाजिक संगठनों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में इस बार सभी 25 लोकसभा सीटों पर विजयी होकर हैट्रिक लगाएंगे। इस बार जीत का मार्जिन 2014-19 के लोकसभा चुनावों से कहीं ज्यादा होगा। आगामी दिनों में सिख गुरु अंगददेव जी की जयंती मनाई जाएगी, उन्होंने भारत को अखंड रखने के लिए बलिदान दिया था। पीएम मोदी भी भारत को संगठित कर सर्वसमावेशी विकास की ओर ले जा रहे हैं।

आजादी के अमृतकाल में समाज के शोषित, वंचित और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। आज पूरा विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए एकजुट हो रहा है, वहीं दूसरी ओर पीएम मोदी का एक ही नारा है 'राष्ट्र का विकास'। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस ने समाज में चार नासूर पैदा किए हैं भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और आतंकवाद। जबकि पीएम मोदी ने देश को इन सभी नासूरों से मुक्ति दिलाई है। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, धारा 370 हटाना, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण और ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाकर समाज में मिशाल कायम की है। आज देश में 60 करोड़ गरीबों को जीवन स्तर सुधरा है, यह हम नहीं कहते आईएमएफ की रिपोर्ट कहती है। विपक्षी गठबंधन इंडी एलाइंस के पास भविष्य का कोई विजन और रिकॉर्ड नहीं है जबकि मोदी के पास 10 साल का ट्रेक रिकॉर्ड और 50 साल का विजन है।




### राहुल गांधी पर बोला जुबानी हमला

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी ओबीसी के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी को उलाहना देते हैं, जबकि मोदी स्वंय ओबीसी वर्ग से आते हैं। राहुल गांधी टेप किया हुआ भाषण पढ़ते हैं, उन्हें ये तक नहीं पता कि 30 साल पहले देश में किसकी सरकार थी। पीएम मोदी देश में गरीब, युवा, महिला और किसान के हितों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा की कार्य पद्धति सबको समावेशी विकास के साथ जोड़ने की है। यदि बीते 55 साल और पीएम मोदी के 10 साल का मुकाबला करें तो भाजपा का पलड़ा ही भारी है।

### 400 पार का नारा करेंगे साकार: सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार मोदी की गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है। हमने प्रदेश की जनता से जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत है। इस बार भी राजस्थान में सभी 25 सीटों पर बड़े मार्जिन के साथ कमल खिलाएंगे और अबकी बार 400 पार का नारा साकार करेंगे।

### पीएम मोदी की योजनाओं का करना होगा प्रचार

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 साल के कार्यकाल को देश के गरीब, अन्नदाता, महिला और युवा स्वर्णिम कालखंड के रूप में देख रहा है। 500 सालों की तपस्या के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। हमें सामाजिक क्षेत्र में पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता तक जाना होगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं को सामाजिक बहुल्यता वाले क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्रवास करने होंगे। इसके लिए गांव, देहात के परिवेश में चारपाई, चौपाल, समूह में बैठकर पीएम मोदी की योजनाओं का प्रचार करना होगा।



### सीकर में BJP प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो

अमित शाह ने सीकर से लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत की। रविवार शाम कल्याण जी मंदिर से शाह ने रोड शो शुरू किया। उनके साथ सीएम भजनलाल शर्मा और सीकर लोकसभा उम्मीदवार सुमेधानंद सरस्वती मौजूद रहे। रोड शो कल्याण जी के मंदिर से शुरू होकर घंटाघर, जाट बाजार होते हुए तापड़िया बगीची पहुंचा। इस दौरान बग्गी में भाजपा नेताओं की तस्वीरें भी नजर आई।

### भीलवाड़ा से दामोदर को बनाया प्रत्याशी

बीजेपी ने अपने प्रत्याशियों की 9वीं सूची जारी कर दी है। केंद्रीय चुनाव समिति ने भीलवाड़ा सीट के लिए दामोदर अग्रवाल के नाम की घोषणा की है। इसके साथ ही भीलवाड़ा सीट को लेकर बरकरार सस्पेंस खत्म हो गया। पार्टी ने नए चेहरे पर भरोसा जताते हुए दामोदर अग्रवाल को टिकट दिया है। इस बार बीजेपी ने कई मौजूदा सांसद का टिकट काटा है। इसमें कई बड़े नाम भी शामिल है।

**PM मोदी समेत कई नेता रहे मौजूद**

# राष्ट्रपति मुर्मू ने घर जाकर आडवाणी को भारत रत्न से किया सम्मानित



**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी पीएम लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आडवाणी को घर जाकर इस सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शनिवार को राष्ट्रपति भवन में हुए कार्यक्रम में लालकृष्ण आडवाणी खराब स्वास्थ्य के चलते शरीक नहीं हो पाए थे। इसके बाद उन्हें उनके दिल्ली वाले आवास में जाकर इस सम्मान से नवाजा गया।

### 96 साल के हो चुके आडवाणी

लालकृष्ण आडवाणी अब 96 साल के हो चुके हैं और वे अपने आवास पर ही रहते हैं। ज्यादा उम्र होने की वजह से उन्हें चलने फिरने में परेशानी आने लगी है। उनका जन्म 8 नवंबर, 1927 को पाकिस्तान के कराची में एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ। उनके पिता किशनचंद आडवाणी पेशे से उद्यमी थे। आडवाणी की शुरुआती शिक्षा कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने हैदराबाद (सिंध) के डीजी नेशनल स्कूल में दाखिला लिया।

### 5 विभूतियों को इस साल मिला भारत रत्न

साल के शुरुआत में ही भारत रत्न के लिए 5 विभूतियों को चुना गया था। इसमें नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, एस स्वामीनाथन अय्यर, बिहार के पूर्व सीएम कर्पुरी ठाकुर और पूर्व डिप्टी पीएम लालकृष्ण आडवाणी का नाम शामिल था। आडवाणी को छोड़कर बाकी 4 विभूतियों को मरणोपरांत यह सम्मान दिया गया है। उनके परिवार की तरफ से यह सम्मान राष्ट्रपति से ग्रहण किया गया। आडवाणी के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए पहले ही तय था कि राष्ट्रपति उन्हें घर जाकर सम्मान प्रधान करेंगी।

# 10 हजार की घूस लेते सहायक लेखा अधिकारी को किया अरेस्ट

**बेधड़क** | राजसमंद



जिले के रेलमगरा में 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते सहायक लेखा अधिकारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी एक महिला के पेंशन एरियर का भुगतान करने की एवज में उससे 10 हजार रुपए पहले ही ले चुका था। साथ ही उससे और 10 हजार रुपए मांग रहा था। वहीं, मामले की शिकायत पर एसीबी राजसमंद की टीम ने कार्रवाई करते हुए रिश्वत की राशि के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। साथ ही आरोपी का मेडिकल कराने के बाद उसे राजसमंद लाया गया, जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजसमंद के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक हिम्मत सिंह चारण ने बताया कि मुकेश टांक ने 20 मार्च को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजसमंद कार्यालय में शिकायत की थी।

**कांग्रेस की नई मुसीबत**

# आईटी डिपार्टमेंट ने थमाया 1745 करोड़ रुपए का नया टैक्स नोटिस

- कांग्रेस पर हुई टैक्स की कुल देनदारी 3567 करोड़ रुपए
- कांग्रेस ने IT के इस कदम को बताया अलोकतांत्रिक
- कांग्रेस ने टैक्स सही ढंग से कैलकुलेट नहीं करने का लगाया आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस को 1745 करोड़ रुपए का नया टैक्स नोटिस थमा दिया है।

पार्टी को साल 2014 से 2017 के बीच के टैक्स रकम के तौर पर यह राशि जमा कराने के लिए कहा गया है। इससे दो दिन पहले भी विभाग की ओर से पार्टी को 1823 करोड़ रुपए का टैक्स नोटिस जारी किया गया था। इसके साथ ही कांग्रेस पर टैक्स की कुल देनदारी 3567 करोड़ रुपए हो गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कांग्रेस को साल 2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, साल 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और साल 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए के टैक्स का भुगतान करने के लिए कहा गया है। हालांकि, पार्टी ने कहा है कि विभाग की ओर से टैक्स सही ढंग से कैलकुलेट नहीं किया गया है।






### कांग्रेस ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

कांग्रेस ने आयकर विभाग द्वारा जारी 135 करोड़ रुपए की वसूली नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इस मामले में सोमवार यानी एक अप्रैल को सुनवाई होने की संभावनाएं हैं। कांग्रेस नेताओं ने तर्क दिया कि अन्य डायरियों में भाजपा नेताओं के नाम वाली इस तरह की थर्ड पार्टी की एंट्रियों पर कोई कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने भाजपा पर 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान टैक्स टेरेरिज्म में शामिल होने और प्रमुख विपक्षी दल को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का आरोप लगाया है।

### थर्ड पार्टी एंट्री पर भी लगाया गया टैक्स

कांग्रेस की ओर से दावा किया गया है कि IT विभाग ने राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाला टैक्स रिबेट नहीं लगाया है और पूरे कलेक्शन पर टैक्स भरने का नोटिस जारी किया है। साथ ही विभाग ने कांग्रेस नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी एंट्री के आधार पर भी टैक्स लगा दिया है।

### दो दिन पहले भी जारी हुआ था नोटिस

दो दिन पहले इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस को 2017-18 से लेकर 2020-21 के टैक्स रिकवरी के लिए नोटिस भेजा गया था। लगभग 1,700 करोड़ रुपए के रिकवरी नोटिस में टैक्स के साथ जुर्माना और ब्याज भी जोड़ा गया था। कांग्रेस ने आयकर विभाग के इस कदम को अलोकतांत्रिक बताया था।

## जरूरी खबर

### सहायक प्रोफेसर परीक्षा में 30 फीसदी रही प्रेजेंट



**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2023 के तहत 13 ऐच्छिक विषयों की परीक्षा का आयोजन अजमेर जिला मुख्यालय हुआ। इसके लिए 16 सेंटर बनाए गए हैं। फर्स्ट पारी में 30.29 फीसदी उपस्थिति रही है। वहीं द्वितीय पारी में 30.24 फीसदी उपस्थित रही।

### पश्चिम विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने से होगी बारिश

**जयपुर** । प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। अब मौसम विभाग ने नया अपडेट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 5-6 अप्रैल को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। कुछ जिलों में अचानक बारिश की संभावना भी बन रही है। प्रदेश में आगामी 4 से 5 दिन हीट वेव का असर नहीं रहेगा। कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे (औसत के आस-पास) दर्ज होने की प्रबल संभावना है। प्रदेश में 5 अप्रेल को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। तेज बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। रविवार को प्रदेश के कई जिलों में तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। राजधानी जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### 5 अप्रैल तक दर्ज हो सकेंगी संगणक परीक्षा की आपत्तियां




**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने संगणक भर्ती परीक्षा की आंसर-की जारी कर दी है। इसके साथ ही बोर्ड की ओर से भर्ती परीक्षा में पूछे गए सवालों और जवाब को लेकर आपत्ति भी मांगी गई है। इसके लिए अभ्यर्थी 100 रुपए फीस देकर 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद आंसर-की पर मिलने वाली आपत्तियों के निपटारे के बाद चयन बोर्ड भर्ती परीक्षा की फाइनल आंसर-की जारी करेगा। इसके आधार पर ही अभियर्थियों का फाइनल सिलेक्शन किया जाएगा। इसके बाद आंसर-की पर मिलने वाली आपत्तियों के निपटारे के बाद चयन बोर्ड भर्ती परीक्षा की फाइनल आंसर-की जारी करेगा।

---

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ का दावा...

# कांग्रेस के कई नेता हमारे संपर्क में, बैक ग्राउंड से कर रहे सपोर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सराफ ने दावा किया है कि कांग्रेस के कई नेता हमारे संपर्क में हैं, जो अंदरूनी रूप से सपोर्ट कर रहे हैं। सराफ जयपुर में हुए जीतो रन फॉर पीस कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

इस दौरान जयपुर शहर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं। इस दौरान विधायक सराफ ने कहा कि चुनाव की तारीख नजदीक आते ही बीजेपी का प्रसार और जनता का प्यार बढ़ता जा रहा है।



पिछली बार हम 5 लाख वोटों से जीते थे। इस बार 8 लाख वोटों से जीतेंगे। 1962 के बाद पहली बार पार्टी ने जयपुर शहर से महिला उम्मीदवार पर विश्वास किया है। उनके पिता भंवरलाल शर्मा ने जयपुर में कई विकास के काम कराए। उनकी जीत भंवरलाल शर्मा को भी श्रद्धांजलि होगी।

### लोकसभा केन्द्र का चुनाव, भाजपा एकजुट

विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रत्याशी मंजू शर्मा को जिताने में हम सब एकजुट हैं। सब में उत्साह है। इस बार कांग्रेस में भितरघात होगी। कांग्रेस के कई नेता हमारा सपोर्ट कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव केंद्र का चुनाव है। हमारी पार्टी राष्ट्रीय मुद्दों के साथ चुनाव मैदान में है। देश की सुरक्षा, हमारी सीमाएं सुरक्षित रहें, देश की नीतियां बने, नागरिक संशोधन विधेयक, धारा-370 का हटाया जाना, भगवान राम की जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण करवाया गया। अब समान नागरिकता संहिता का कानून आ रहा है। वो तभी आएगा, जब कानून में बदलाव की ताकत बीजेपी में आएगी।

### प्रताप सिंह को जबरदस्ती लड़वाया

सराफ ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी खुद कह रहे हैं कि मैं वहां भी हारा था, यहां भी मुझे जबरदस्ती टिकट दे दिया। अभी सेंट्रल पार्क में मिले थे, उनके चेहरे से हवाइयां उड़ी हुई थी। उनको जबरदस्ती चुनाव लड़वा दिया, वो चुनाव नहीं लड़ना चाहते।

### मुझे टिकट नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए दिया

जयपुर शहर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कर लागू करवाया है। इसी के तहत मुझे राजस्थान की राजधानी से महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। जयपुर की जनता मेरा परिवार है। बहुत सालों के बाद एक महिला को जयपुर की इस सीट से मौका मिला है।

---

बास्योड़ा पर्व पर शीतला माता को लगेगा ठंडे पकवानों का भोग

# चाकसू की शील डूंगरी में आज उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

■ लक्खी मेले में रविवार से पहुंचने लगे माता के भक्त

**बेधड़क** | चाकसू

शीतलाष्टमी यानि बास्योडा का लोकपर्व सोमवार को जोर शोर के साथ मनाया जाएगा। अलसुबह से ही महिलाएं नवीन वस्त्र धारण कर मां शीतला को भोग लगाती हुई दिखाई नजर आएगी। इस मौके पर चाकसू शील डूंगरी पर लगने वाला 2 दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला रविवार शाम से शुरू हो गया है। जो कि सोमवार परवान पर रहेगा।इसके साथ ही यहां मेले को लेकर मन्दिर ट्रस्ट समिति और प्रशासन की ओर से चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। यहां लगने वाला वार्षिक लक्खी मेला सांस्कृतिक संगम और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। यहां श्रद्धालुओं को माता के दर्शन करने में किसी तरह की परेशानी न हो और हर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए करीब 350 पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।



### लाखों श्रद्धालु करेंगे सुख समृद्धि की कामना

यहां हर साल लाखों श्रद्धालु माता की चौखट पर मत्था टेकने आते हैं और मनोकामना मांगते हैं। रविवार को घरों में रांधा पुआ पर्व मनाया गया। जिसमें माता को भोग अर्पण करने के लिए कई तरह के पकवान बनाए गए है। इसमें राबड़ी पुआ-पापड़ी भोग के लिए विशेष मानी जाती है। सोमवार को सुबह माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाने के साथ ही प्रत्येक घर का सदस्य उसी ठंडे बासी भोजन को ग्रहण करते हैं। चैत्र कृष्णाष्टमी को शीतला माता का पूजन करके उन्हें रिझाया जाता है। शीतला माता का मुख्य और प्रसिद्ध मेला चाकसू से तीन किलोमीटर दूर और राजधानी जयपुर से 40 किलोमीटर दर शीलकी डूंगरी पर स्थित पहाड़ी बने माता का मंदिर दूर से ही नजर आता है। मंदिर में सोमवार को लाखों श्रद्धालु माता का दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करेंगे।

### 80 सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

मंदिर और मेला परिधी क्षेत्र में करीब 80 सीसीटीवी कैमरे लगाकर मॉनिटरिंग की जा रही है। मेला परिधि क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की ओर से मेला की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी संख्या में पुलिस सुरक्षा बल के साथ सेक्टर प्रभारी तैनात किए हैं।



---

चाकसू में प्रत्याशियों ने खोले कार्यालय

# चुनाव जीतने के लिए उतरे मैदान में जनसम्पर्क किया शुरू



**बेधड़क** | चाकसू

विधानसभा क्षेत्र चाकसू में रविवार को पूजा अर्चना के साथ दौसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों के चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन हुआ। प्रत्याशियों ने कार्यकर्ताओं के साथ गांव-गांव व ढाणी-ढाणी में जनसम्पर्क शुरू कर दिया है। रविवार को पुलिस थाने के सामने दौसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा ने लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चाकसू विधायक रामावतार बैरवा, पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया, भाजपा जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, प्रधान उग्नता देवी, बद्री चौधरी कोथून, कोटखावदा प्रधान प्रह्लाद मीना, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, जिला उपाध्यक्ष श्रवण गुर्जर, पूर्व देहात मंडल अध्यक्ष राजाराम खींची सहित लालसोट विधायक रामविलास मीणा, महुआ विधायक राजेंद्र मीणा, बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी, सिकराय विधायक विक्रम बंसीवाल सहित विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित रही। वही दुसरीं ओर नीलकंठ महादेव मंदिर चोराहे के पास कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा, पूर्व विधायक बांदीकुई, जीआर खटाना, चाकसू पूर्व वेदप्रकाश सोलंकी, प्रकाश बेरवा, ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल मीणा, पालिका चेयरमेन कमलेश बैरवा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आदि मौजूद रहे।

---

भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

# इस बार लोकसभा चुनाव नारी शक्ति वंदन को समर्पित: शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जनपथ श्याम नगर में भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा का क्षेत्रीय प्रधान कार्यालय खोला गया। इस दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि जयपुर की बहू राजमाता गायत्री देवी के बाद अब जयपुर की बेटी मंजू दीदी संसद में जाएंगी और जीत का नया इतिहास रचेंगी।

शर्मा ने कहा कि इस बार चुनाव नारी शक्ति वंदन का है। वहीं, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने सभी कार्यकर्ताओं को जीत का मूल मंत्र दिया। जयपुर शहर भाजपा




लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कार्यकर्ताओं और मौजूद लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

विधानसभा संयोजक एवं पूर्व महापौर निर्मल नाहटा ने कार्यालय उद्घाटन समारोह सफल आयोजन के लिए आभार जताया। इससे पूर्व विधायक शर्मा ने महिलाओं से दीप प्रज्वलन कर श्रीराम स्तुति और राधाकृष्ण की झांकी के साथ मंत्रोच्चार के द्वारा कार्यालय का श्रीगणेश करवाया। इस अवसर पर प्रदेश सह प्रभारी वी सतीश, भाजपा श्याम नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, शांति नगर मंडल अध्यक्ष राकेश गुर्जर, सिविल लाइंस मंडल अध्यक्ष निर्मल राजपुरोहित, बनीपार्क मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, लोकसभा चुनाव विस्तारक सौरभ वर्मा आदि मौजूद रहे।

---

भाजपा ओबीसी सम्मेलन में बोले मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर

# पीएम और सीएम ने ओबीसी का ध्यान रखा

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा ओबीसी मोर्चे की ओर से रविवार को ओबीसी सामाजिक सम्मेलन, आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यशाला सहित प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई । सम्मेलन में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभूलाल सैनी, मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर बतौर मुख्य अतिथि मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर के. लक्ष्मण ने कहा कि आजादी के बाद अगर किसी



प्रधानमंत्री ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाया है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही है। जबकि ओबीसी आयोग का गठन 1993 में किया गया था। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ओबीसी वर्ग को अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए इस्तेमाल किया है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदैव ओबीसी वर्ग के हितों का ध्यान रखा है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना से ओबीसी वर्ग के सुथार, दर्जी, मोची, सैन, कुम्हार सहित 18 जातियों को लाभान्वित करने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं सामाजिक सम्मेलन के संयोजक महेन्द्र पंवार एवं सह-संयोजक रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि शहर स्थित महावीर स्कूल में आयोजित सामाजिक सम्मेलन में सोनी, स्वर्णकार, यादव, गुर्जर, कुम्हार, कुमावत सहित विभिन्न ओबीसी वर्ग के सैंकड़ों कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री सुनील यादव, पुष्कर तेली, पूर्व सह-संयोजक सुनील कुमावत सहित प्रदेश ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष, आईटी एवं सोशल मीडिया के सदस्य उपस्थित रहे।

---

लगातार उभर रहा कांग्रेस प्रत्याशियों का दर्द

# चुनाव नहीं लड़ना चाहता था, पार्टी के अस्तित्व के लिए मैदान में आया: ओला

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से मैदान में खड़े प्रत्याशियों का दर्द लगातार सामने आ रहा है। पहले राजसमंद, जयपुर शहर और भीलवाडा के बाद अब झुंझुनूं लोकसभा सीट से प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला ने भी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की मंशा बताई है। उन्होंने एक सभा के दौरान कहा कि वे तो चुनाव नहीं लड़ना चाहता था।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को मना कर दिया था। बोला था कि किसी को भी चुनाव लड़वा दो, मैं पूरी मदद करूंगा। ओला शुक्रवार को खेतड़ी के तातीजा में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत के समय सभा में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि गहलोत, पायलट, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और आलाकमान के आग्रह के बाद मैदान में उतरा हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी को कुछ लोगों से जानकारी मिली होगी, सर्वे किया होगा। पार्टी का अस्तित्व संकट में था, इसलिए चुनाव लड़ने का निर्णय किया।



### चार बार झुंझुनूं से विधायक चुने गए

बृजेंद्र ओला वर्तमान में झुंझुनूं विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे लगातार 4 बार झुंझुनूं विधानसभा से विधायक चुने गए हैं। उन्हें पहली बार लोकसभा का टिकट दिया गया है।

### पिता भी रह चुके केंद्रीय मंत्री

ओला के पिता शीशराम ओला झुंझुनूं लोकसभा सीट से सांसद और केंद्र में मंत्री रहे थे। कांग्रेस ने 2019 में श्रवण कुमार को टिकट दिया था। अब विधायक श्रवण कुमार का टिकट काटकर बृजेंद्र ओला को टिकट दिया गया है। बृजेंद्र की पत्नी राजबाला ओला भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं।

### दो उम्मीदवारों ने टिकट सरेंडर किए, कांग्रेस तीन सीटों पर प्रत्याशी बदल चुकी

कांग्रेस में अब तक तीन सीटों पर उम्मीदवार बदले जा चुके हैं। जयपुर, भीलवाड़ा और राजसमंद सीटों पर उम्मीदवार बदले गए। आरएसएस समर्थक संस्था जयपुर डायलॉग्स से कनेक्शन विवाद में जयपुर से उम्मीदवाार बनाए गए सुनील शर्मा ने टिकट लौटा दिया था, जिसके बाद प्रताप सिंह खाचरियावास को उम्मीदवार बनाया गया था। भीलवाड़ा से दामोदर गुर्जर की जगह सीपी जोशी को टिकट दिया। राजसमंद से उम्मीदवार सुदर्शन रावत ने टिकट सरेंडर कर दिया था। उनकी जगह दामोदर गुर्जर को राजसमंद से टिकट दिया।

## जरूरी खबर

### वांछित चल रहे इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने 21 मामलों में वांछित चल रहे आठ हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (पूर्व) कावेन्द्र सागर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नन्दा बावरिया (32) फुलेरा का रहने वाला है। आरोपी मुहाना से चोरी, नकबजनी, लूट के करीब 21 मुकदमों में वांछित चल रहा है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी अलग-अलग ठिकाने बदलकर छिप रहा था। आरोपी को पकड़ने के लिए डीसीपी (दक्षिण) की ओर से नन्दा बावरिया पर आठ हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इस मामले में हैड कांस्टेबल सूरज, दशरथ कांस्टेबल कर्ण सिंह की अहम भूमिका रही।

### राजस्थान पुलिस के 33 डिप्टी एसपी बने एडिशनल एसपी

**जयपुर।** गृह विभाग ने एक आदेश जारी कर राजस्थान पुलिस सेवा के 33 अधिकारियों की पदोन्नति की लिस्ट जारी की है। इन अधिकारियों को उपअधीक्षक के पद से प्रमोट कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाया है। इनको अब जल्द ही नई पोस्टिंग दी जाएगी। आदेश के अनुसार, पुलिस अधिकारी नरेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, बेनीप्रसाद मीना, विजय कुमार सांखला, हेमंत कुमार, कल्पना सोलंकी, कृष्णा सामरिया, राजकंवर, प्रमोद शर्मा, रिछपाल सिंह, महेशचंद, राकेश कुमार, शुभकरण, कालूराम वर्मा, चन्द्रपुरोहित, इरफान अली, दीपचंद, हेमंत कुमार, कैलाश चन्द, ज्ञान सिंह, हितेश मेहता, नीतिराज, नरेन्द्र सिंह, तेजकुमार पाठक, नारायण सिंह, नन्दलाल, भूपेन्द्र सिंह, राजेश शर्मा, किशोरी लाल, संजय शर्मा, निहाल सिंह, प्रयागराज और यशोधनपाल को डिप्टी एसपी पद से एडिशनल एसपी पद पर पदोन्नत किया गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबंध कार्यकारिणी 2024-25 के चुनाव परिणाम घोषित

# राठौड़ अध्यक्ष, पंचौली महासचिव, SB के विमल बने उपाध्यक्ष

बेधड़क | जयपुर

पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबंध कार्यकारिणी 2024-25 के लिए डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष और योगेंद्र शर्मा पंचौली महासचिव निर्वाचित हुए हैं। सच बेधड़क न्यूज पेपर के विमल सिंह तंवर ने उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एलएल शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर डॉ. वीरेंद्र सिंह राठौड़ विजयी रहे। उन्हें 244 मत मिले। उनके सामने खड़े अभय जोशी को 230, राधारमण शर्मा को 214, रूपेश कुमार टिंकर को 133, भागीरथ को 81 और बबीता शर्मा को 20 मत मिले। महासचिव पद पर योगेंद्र शर्मा पंचौली (274) ने राहुल शर्मा 'गौतम' 252 हराया। तीसरे और चौथे नंबर पर क्रमशः मुकेश चौधरी (195), रामेंद्र सोलंकी (184) रहे। उपाध्यक्ष के दो पदों पर विमल सिंह तंवर और राहुल भारद्वाज निर्वाचित घोषित किए गए हैं।



फोटो: पंकज शर्मा

### विमल सिंह को मिले 373 मत

सच बेधड़क के विमल सिंह तंवर को 373 और भारद्वाज को 285 मत मिले हैं। परमेश्वर प्रसाद शर्मा को 282, दिनेश कुमार सैनी 239 और निखलेश शर्मा 238 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने 349 मत प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस पद पर अनिल त्रिवेदी को 334 और डी सी जैन को 219 मत मिले हैं।



### कार्यकारिणी सदस्यों में ये जीते

निर्वाचन अधिकारी सुरेश योगी ने बताया कि क्लब की नई कार्यकारिणी के दस पदों पर डॉ.मोनिका शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, ओमवीर भार्गव, सत्य पारीक, सिद्धार्थ उपाध्याय, नमोनारायण अवस्थी, संजय गौतम, शालिनी श्रीवास्तव और उमंग माथुर निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

## बिजनेसमैन से 33 लाख रुपए लूटने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# लूट के रुपयों से की खूब ऐश लौटते ही पुलिस ने दबोचा

बेधड़क | जयपुर

बिजनेसमैन की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर 33 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड संदीप सिंह को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बदमाश पर 15 हजार रुपए का इनाम रखा था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि पुलिस से बचने के लिए आरोपी पांच राज्यों (राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली) में घूमता रहा। लूट के रुपयों से कुल्लू- मनाली और शिमला में मौज-मस्ती करता रहा। महंगे शौक पूरे करता रहा। थार कार का लोन चुकाया। डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम वेस्ट की सूचना पर जयपुर आते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



### ऐसे पकड़ा गया मास्टर माइंड

पुलिस ने बताया कि लूट का सबसे बड़ा हिस्सा मास्टर माइंड संदीप सिंह के पास था। काफी तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। डीसीपी (नॉर्थ) की ओर से मास्टर माइंड संदीप सिंह पर 15 हजार रुपए का इनाम रखा गया। शनिवार को डीएसटी वेस्ट के हेड कॉन्स्टेबल मनेन्द्र सिंह और कॉन्स्टेबल कोमल सिंह को संदीप सिंह के जयपुर आने की सूचना मिली। एक महीने फरारी काटने के बाद संदीप वापस जयपुर लौटा था। जयपुर के हाथोज में उसका घर है। शनिवार शाम घर आने के दौरान डीएसटी टीम ने हाथोज रोड पर ही मास्टर माइंड संदीप को पकड़ लिया। डीएसटी वेस्ट प्रभारी गणेश सैनी के नेतृत्व में टीम ने संदीप सिंह को पकड़कर विद्याधर नगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि लूट के रुपए लेकर वह फरारी काटने निकल गया था। पुलिस से बचने के लिए पांच राज्यों में घूमता रहा। पुलिस ने उससे लूट के करीब दस लाख रुपए बरामद किए हैं।

### महंगे शौक पूरे किए

रुपए लूटकर भागने के बाद मौज-मस्ती के लिए आरोपी संदीप हिमाचल के कुल्लू-मनाली और शिमला चला गया था। वहां उसने होटलों में रुककर महंगे शौक पूरे किए। पिछले करीब एक महीने तक बाहर रहकर लूट के रुपयों से अय्यासी की।

### एक मार्च को की थी 33 लाख की लूट

दरअसल, एक मार्च को विद्याधर नगर में रहने वाले बिजनेसमैन गर्व खंडेलवाल के साथ लूट की वारदात हुई थी। शाम करीब 5 बजे गर्व खंडेलवाल धनश्री टावर में व्यापारी आशीष पेडीवाल के पास आया था। आशीष पेडीवाल से 33 लाख रुपए बैग में रखकर गर्व खंडेलवाल निकला था। धनश्री टावर की पार्किंग में ही तीन बदमाश आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 33 लाख रुपए लूट ले गए थे।

## नववर्ष कैलेंडर का विमोचन

# तीज-त्योहारों की तिथियों पर मंथन को एकमत हुए धर्माचार्य



बेधड़क | जयपुर

हिन्दू धर्म में आने वाले तीज-त्योहारों की तिथि और तारीख को लेकर चल रही भ्रांतियों को लेकर पानों के दरीबा स्थित सरस निकुंज में विभिन्न पंथ और समप्रदायों के धर्माचार्यों की एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में सरस निकुंज के श्रीअलबेली माधुरी शरण के सानिध्य में सभी धर्माचार्य ने आगामी हिन्दू नववर्ष में तीज-त्योहारों की सही और शास्त्र सम्मत तिथि पर सहमति बनाई गई। इसमें सभी ने मंथन करने के बाद अपनी सहमति दी। इस अवसर पर सरस निकुंज की ओर से एक नववर्ष का कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।

विचार गोष्ठी में आचार्य राजेश्वर, महंत दीपक वल्लभ गोस्वामी, गोविन्द देवजी महंत अंजन गोस्वामी, गोविंद देव मंदिर प्रबंधक मानस गोस्वामी, महंत राजकुमार शर्मा, महंत अमित शर्मा सहित अन्य प्रमुख महंत और ज्योतिषाचार्य मौजूद आदि रहे।

## प्रतापनगर थाना पुलिस की कार्रवाई

# IPL में ऑनलाइन सट्टा लगाते 6 गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई देखने को मिली है। प्रतापनगर पुलिस थाना ने रविवार को आईपीएल मैच के दौरान अवैध रूप से सट्टा खेलते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



कार्रवाई पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन में आशाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व की टीम ने अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि आईपीएल के दौरान अवैध रूप से खेले जाने वाले ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा व खाईवाली सट्टा पर निगरानी और रोकथाम के तहत नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। सूचना मिलने पर सेक्टर 19 प्रताप नगर स्थिति एक होटल में दबिश दी। होटल से आईपीएल में आरसीबी बनाम केकेआर की टीम वाले मैच पर सट्टा लगा रहे थे।

## विजय सागर तालाब पर 28 को फिर होगी बैठक

# श्रीजी मंदिर विकास कार्य की रूपरेखा बनाई

बेधड़क | जयपुर

श्री कल्याण जी डिग्गी मंदिर तीर्थ क्षेत्र विकास एवं कॉरिडोर सौंदर्यीकरण को लेकर रविवार को डिग्गी राजपरिवार के महल में बैठक हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक कैलाश चन्द्र की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में श्री कल्याण मंदिर समिति, राजपरिवार से ठाकुर राम प्रताप सिंह व कुंवर राघव प्रताप सिंह, जयपुर के कुछ समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी और डिग्गी के हर जाति वर्ग ने हिस्सा लेकर अपने विचार रखे। कैलाश चन्द्र ने बताया कि हमें अपनी



जननी मां की सेवा की भांति ही जन्मभूमि के विकास और उत्थान हेतु कार्यरत रहना चाहिए। कैलाश चंद्र श्री कल्याण मंदिर पुजारी परिवार से हैं। ठाकुर राम प्रताप सिंह ने बताया कि उनके परिवार की विगत 50 वर्षों से इस कार्य को करने की इच्छा रही है। अब उन्हें विश्वास है कि कैलाश चंद्र के प्रयासों से यह कार्य जरूर संपन्न होगा। सर्वसम्मति से विनय, अरविंद, अनुराग और कृष्ण गोपाल के सहयोग से इस कार्य की रूपरेखा बनाई गई। अब विजय सागर तालाब पर 28 अप्रैल को एक बैठक होगी, जिसमें आगे के लिए सुझाव एवं प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जाएगी।

## सरकार ने शुरू की मुहीम

# पर्यटन स्थलों का वीडियो बनाने पर मिलेगा इनाम

बेधड़क | जयपुर

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने डिजिटल बाल मेला अभियान रूट्स ऑफ राजस्थान के रूप में नई पहल शुरू की है। इसके तहत बच्चे प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देने वाले और उनकी खूबसूरती का वर्णन करने वाले वीडियो बनाएंगे। अभियान की शुरुआत राजस्थान के 75वें स्थापना दिवस के मौके पर उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने की। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल बाल मेले की फाउंडर जाह्नवी शर्मा के साथ पोस्टर विमोचन किया। इस कार्यक्रम में राजस्थान के बच्चे राज्य के पर्यटन स्थलों की जानकारी देते हुए वीडियो बनाएंगे। राजस्थान की कला, संस्कृति एवं विरासत को दुनिया तक पहुंचाएंगे।




### मिलेगा 50 हजार रुपए नकद

गौरतलब है कि राजस्थान की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाले इस वीडियो कॉन्टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 100 बच्चों को 3 दिवसीय जयपुर भ्रमण का मौका मिलेगा, साथ ही सबसे अच्छी वीडियो बनाने वाले बच्चे को 50 हजार का नकद इनाम दिया जाएगा।

### छह माह तक चलेगा अभियान

गौरतलब है कि द फ्यूचर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित हो रहा यह अभियान 6 माह तक चलेगा। डिजिटल बाल मेला की को-फाउंडर प्रिया शर्मा ने बताया कि इस अभियान में 10 से 18 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। इस नवाचार का मकसद राजस्थान पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन पर्यटक स्थलों को दुनिया के सामने लाना है, जिनका प्रचार प्रसार कम हुआ है। बच्चों की नजर से राजस्थान की धरोहर समझना है।

### वॉट्सएप से भी रजिस्ट्रेशन

डिजिटल बाल मेला अभियान रूट्स ऑफ राजस्थान के तहत बच्चों को अपने इलाके के पर्यटन स्थलों पर जाकर वीडियो बनाना है। इसमें बच्चे उसकी खूबसूरती और महत्व बताएंगे। डिजिटल बाल मेला की ओर से शुरू किए गए इस अभियान में बच्चों के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन है। बच्चे डिजिटल बाल मेला की वेबसाइट या बाल मेला के फोन नंबर- 8005915026 पर टेलीग्राम और वॉट्सऐप के माध्यम से रजिस्टर कर अपनी वीडियो एंट्री भेज सकते हैं।

## उपायुक्त ने किया मेट्रो में सफर

# सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर मेट्रो रेल में बढते यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जेएमआरसी के पुलिस उपायुक्त आईपीएस सागर ने रविवार को मेट्रो की सुरक्षा व्यवस्थाका जायजा लिया। इस दौरान मेट्रो उपायुक्त ने बड़ी चोपड़ से मानसरोवर तक मेट्रो में सफर कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने ट्रेन में मौजूद यात्रियों से भी यात्रा की सुगमता और सुरक्षा का फीडबैक लिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामस्वरूप शर्मा, स्टेशन अधीक्षक मनीष शर्मा सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### प्राचार्य और अधीक्षक ने किया प्याऊ का उद्घाटन



**बीकानेर।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी तथा पीबीएम अधीक्षक डॉ. पी.के. सैनी ने रविवार को पीबीएम अस्पताल परिसर में ठंडे पेयजल की प्याऊ का उद्घाटन किया। प्याऊ का संचालन गोमा देवी चमड़िया चैरिटेबल फाउंडेशन तथा मारवाड़ जन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। फाउंडेशन के सुनील चमड़िया ने बताया कि ठंडे पर जल की सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

### आज से शुरू होगा मलेरिया क्रैश कार्यक्रम

**सीकर।** चिकित्सा विभाग की ओर से जिले में मलेरिया क्रेश कार्यक्रम का प्रथम चरण एक अप्रैल से 14 मई तक आयोजित किया जायेगा। इस दौरान प्रभावित क्षेत्र में आशाओ की टीम बनाकर एएनएम एवं सीएचओ द्वारा घर-घर सर्वे कर मच्छरों की रोकथाम के लिए एन्टीलार्वल व एन्टीएडल्ट तथा सोर्स रिडक्शन व आईईसी गतिविधियां की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि मलेरिया क्रश कार्यक्रम के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को सुखा दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान आमजन को दैनिक उपयोग में लिए जा रहे कुलर, फ्रिज की ट्रे, पक्षियों के परिन्डे को खाली कर सुखाने व मच्छर जनित रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### 50 हजार का इनामी चोर पकड़ा, 30 मामले हैं दर्ज



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले की सुभाष नगर थाना पुलिस ने फरवरी महीने में थाना क्षेत्र के गुल नगरी इलाके में हुई चोरी की वारदात के आरोपी दुर्गा लाल उर्फ अक्षय उर्फ अर्जुन उर्फ विक्रम गुर्जर पुत्र सुखदेव (46) निवासी अखतासा थाना तालेड़ा जिला बूंदी को गिरफ्तार किया है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि बूंदी जिले के थाना तालेड़ा में दर्ज मामले में आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम और जिला स्तर पर टॉप 10 की सूची में शामिल कर रखा था। दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगतने के उपरांत भी आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा है। इस पर कई जिलों में 30 आपराधिक मामले दर्ज है।

**लोकसभा चुनाव को लेकर पर्यवेक्षकों ने ली बैठक,** जिला कलेक्टर सहित चुनाव अधिकारी हुए शामिल

# टीम भावना व अच्छे मैनेजमेंट के साथ करवाना है चुनाव

**बेधड़क** | दौसा

जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रशासन की तरफ से मतदान प्रक्रिया के लिए सभी माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

रविवार को दौसा जिले के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक षण्मुगराजन एस, पुलिस पर्यवेक्षक ए. सतीश गणेश, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर्यवेक्षक डॉ. रश्मि एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बैठक बुलाई। इसमें सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, उपखंड अधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षकों, विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारी शामिल हुए। सामान्य पर्यवेक्षक षण्मुगराजन एस ने कहा कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न होने चाहिए। जिला प्रशासन, पुलिस व राजस्व अधिकारी सभी को मिलकर टीम भावना के साथ व अच्छे मैनेजमेंट के साथ चुनाव के कार्य को पूरा करवाना है।



### आचार संहिता उल्लंघन पर हो कठोर कार्रवाई

पुलिस पर्यवेक्षक ए. सतीश गणेश ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व आम चुनाव है, हमारा यह कर्तव्य है कि चुनाव प्रक्रिया को शुचिता एवं निष्पक्षता से संपादित करें। चुनाव कार्य में संबद्ध सभी अधिकारी व कर्मचारी निष्ठा व लगन के साथ दिए गए कर्तव्यों को समय पर करें। निष्पक्ष रहने के साथ-साथ निष्पक्ष दिखना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों का यथासंभव प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाए और उपलब्ध मानव संसाधन का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें। पुलिस पर्यवेक्षक ने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई करें और सूचनाओं का आदान-प्रदान समयबद्ध हो। फ्लैग मार्च के माध्यम से मतदाताओं में आत्मविश्वास उत्पन्न करना हमारी जिम्मेदारी है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर्यवेक्षक डॉ रश्मि ने कहा कि चुनाव के दौरान जो एसएसटी व एफएसटी लगाए गए हैं, वे सही प्रकार से अपने कार्यों को करें। व्यय लेखों के लिए निर्धारित पंजिका व प्रपत्रों का उपयोग करें।

### गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करें

जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि पोलिंग पार्टियों एवं पुलिस बल के लिए रहने की माकूल व्यवस्था, कानून व्यवस्था की दृष्टि से उचित तैयारी, सभी मतदान केन्द्रों पर आधारभूत व्यवस्थाओं के साथ-साथ छाया व बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था भी हो, महिला व दिव्यांगजन प्रबंधित मतदान केंद्र पर उचित व्यवस्था चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी की पालना के साथ किया जाना सुनश्चिति करें।

**बर्तनों के स्क्रैप की आड़ में** तस्करी करता एक आरोपी गिरफ्तार

# कंटेनर से 1 करोड़ रुपए का 564 किलो डोडा चूरा जब्त

**बेधड़क** | जयपुर/भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले की पुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई कर रविवार को एक ट्रक कंटेनर से एक करोड़ रुपए कीमत का 564 किलो 200 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जप्त कर तस्कर रोहताश बिश्नोई पुत्र कृष्ण कुमार (35) निवासी काजलहेड़ी थाना फतेहाबाद सदर हरियाणा को गिरफ्तार किया है। बर्तनों के स्क्रैप की आड़ में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही थी।

एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर जिले में अवैध मादक पदार्थों के परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह नेहरा व सीओ श्याम सुंदर के सुपरविजन में रविवार को एसएचओ जय सुल्तान सिंह कविया मय टीम द्वारा नेशनल हाईवे चित्तौड़गढ़ रोड पर नाकाबंदी कर आने जाने वालों की चैकिंग की जा रहे थे।






### पुलिस की नाकांबदी देख भागने लगे

चैकिंग के दौरान रात करीब 2:45 बजे चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रहे हरियाणा नंबर के ट्रक कंटेनर के चालक ने पुलिस नाकाबंदी देख यूटर्न कर भागने की कोशिश की। जिसे टीम ने घेर कर रोक लिया। कंटेनर में पुराने स्टील के बर्तन का स्क्रैप भरा हुआ था। गहनता से तलाशी ली गई तो 29 कट्टों से कुल 564 किलो 200 ग्राम अफीम डोडा पोस्त मिला। ट्रक कंटेनर व अफीम डोडा चूरा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में आरोपी रोहताश बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया। मामले का अग्रिम अनुसंधान एसएचओ सुभाष नगर द्वारा किया जा रहा है। इस कार्रवाई में एएसआई गोपाल लाल की विशेष भूमिका रही।

### 19 लाख के अफीम के दूध के साथ जेल प्रहरी-सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार

जोधपुर। पुलिस ने अफीम का दूध सप्लाई कर रहे जेल प्रहरी और सीआरपीएफ जवान को गिरफ्तार किया है। इनसे 3 किलो 800 ग्राम अवैध अफीम का दूध मिला। इस दूध की बाजार की कीमत लगभग 19 लाख रुपए है। जोधपुर के कापरड़ा थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई में इन्हें पकड़ा है। ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामनिवास विश्नोई निवासी जाजीवाल विश्नोइयां अजमेर के उच्च सुरक्षा जेल में जेल प्रहरी है। विक्रम विश्नोई निवासी जाजीवाल विश्नोइयां सीआरपीएफ जवान है। वर्तमान में श्रीनगर साउथ रेंज में लगा हुआ

#### पुलिस को देखते भागने

उन्होंने बताया कि ब्यावर से जोधपुर आने वाली रोडवेज बस में अफीम तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर डीएसटी टीम और कापरडा थाना पुलिस ने हाईवे पर पहुंची। इसी दौरान बोयल चौराहा के पास दो युवक पुलिस जाब्ते को देखकर भागने लगे। इस पर पुलिस को संदेह हुआ। दोनों का पीछा कर पकड़ा गया। दोनों के पास मिले बैग की तलाशी ली गई। जिसमें अवैध अफीम का दूध पाया गया। जेल प्रहरी रामनिवास के बैग से 2 किलो अवैध अफीम दूध व सीआरपीएफ जवान विक्रम के बैग से 1 किलो 800 ग्राम अफीम दूध पाया गया। इस पर दोनों से कुल 3 किलो 800 ग्राम अवैध अफीम दूध जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**ड्यूटी करने लिए जा रहा था जवान**

# गड्ढे में गिरा पुलिस जवान, रातभर तड़पने से हुई मौत

**बेधड़क** | किशनगढ़



बांदरसिंदरी थाना इलाके में रात के अंधेरें में कार की टक्कर से बाइक सवार पुलिसकर्मी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। रात भर सड़क किनारे गड्ढे में जवान तड़पता रहा। रविवार सुबह राहगीरों को नजर आने पर उसे संभाला। सूचना पर मौक पर पहुंची पुलिस जवान के शव को राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल (किशनगढ़) की मॉर्च्युरी में रखवाया। सीओ ग्रामीण सत्यनारायण यादव ने बताया कि हादसा किशनगढ़-भोजियावास ग्रामीण सड़क पर हुआ। अमरचंद सेवदा (36) पुत्र स्व. श्योराम जाट बाइक से हरमाड़ा चौकी (बांदरसिंदरी थाना) पर ड्यूटी जॉइन करने के लिए निकले थे। अजमेर पुलिस लाइन से चौकी की दूरी 40 किलोमीटर है। चौकी से 5.5 किलोमीटर पहले भोजियावास गांव के पास रात 11 बजे के करीब उसे कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अमरचंद बाइक समेत गड्ढे में 10 फीट तक जा गिरा। रातभर वह गड्ढे में पड़ा रहा। रविवार सुबह उधर से गुजरने वाले वाहन चालकों ने बांदरसिंदरी थाना पुलिस को एक्सीडेंट की सूचना दी। सीओ रूरल सत्यनारायण यादव, बांदरसिंदरी एसएचओ पारूल यादव समेत मदनगंज, गांधीनगर और शहर थाना पुलिस के जवान बड़ी संख्या में हॉस्पिटल पहुंचे।

बांदरसिंदरी एसएचओ पारुल ने बताया कि अमरचंद जयपुर ग्रामीण के नरैना थाना क्षेत्र के गहलोता गांव के रहने वाले थे। कुछ समय पहले तक वह सेवदा (बांदरसिंदरी थाने) में तैनात थे। उन्हें किसी कारण से पुलिस लाइन (अजमेर) भेज दिया गया था। हरमाड़ा चौकी (बांदरसिंदरी थाना) में उन्हें दोबारा पोस्टिंग दी गई थी। उधर, पुलिस सड़क किनारे लगे सीसीटीवी के फुटेज देख रही है।

**फलोदी के** शीतला माता मंदिर की कहानी

# यहां सालभर नहीं जलती ज्योत

**बेधड़क** | जोधपुर

आपने पौराणिक देवी मंदिरों में बरसों से अखण्ड ज्योति जलती देखी होगी। लेकिन फलोदी शहर में माताजी का एक ऐसा मंदिर है, जहां मंदिर स्थापना के सदियों बाद भी दीप ज्योति नहीं जली है। मंदिर में पूजन के समय केवल बासी कलेवा का भोग लगाया जाता रहा। पूरे दिन आमजन भी इसी बासी कलेवे को प्रसाद के तौर पर ग्रहण करते हैं। दरअसल फलोदी शहर के ऐतिहासिक दुर्ग के पीछे शीतला माता का मंदिर स्थापित है। जहां सोमवार को मेला भरेगा। इस दौरान मंदिर में परम्परागत रूप से बनाया जाने वाला भोजन बाजरे की रोटी,



दही-चावल की भात, लांजी, मोगर की पूरी आदि पकवानों का प्रसाद चढ़ाया जाएगा, जिसे एक दिन पहले रविवार को तैयार किया गया। शीतला सप्तमी का पर्व इस बार सोमवार को मनाया जाएगा। शीतला माता के साथ ओरीमाता, अचपड़ाजी एवं पंथवारी माता पूजन एवं भोग के बाद बतौर प्रसादी के रूप में ग्रहण किए जाएंगे। सोमवार को शीतला माता की पूजा अर्चना के बाद उसी भोजन को प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगी। इस बार सोमवार को रसोईघरों में अवकाश रहेगा। जोधपुर में शीतला माता पूजन सप्तमी की बजाय अष्टमी को करने की मान्यता है। इसका कारण विक्रम संवत 1826 में सप्तमी के दिन ही तत्कालीन जोधपुर महाराजा विजयसिंह के दो कुमारों की मृत्यु हो जाने से शीतला सप्तमी को अकता रखने की परम्परा आज भी चली आ रही है।

**रेलवे लोको शेड** 84 लोहे की कमानी हुई थी चोरी, माल भी किया बरामद

# चोरी का सामान खरीदने वाले गिरफ्तार

**बेधड़क** | धौलपुर

आरपीएफ पुलिस ने रेलवे लोको शेड से चोरी हुए माल समेत तीन कबाड़ियों से पकड़ा है। तीनों कबाड़ियों ने रेलवे से चोरी हुए सामान को खरीदा था। चोरों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

रेलवे आरपीएफ थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि फरवरी माह में चोरों ने लोको शेड से 84 लोहे की कमानी की सेट को चोरी किया था। इस पर उस समय पर मुकदमा दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू किया गया। जिस मामले में आरपीएफ पूर्व में 11 चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आगरा में दबिश देकर चोरी का माल खरीदने वाले तीन कबाड़ी प्रवीण (30) पुत्र रामनाथ निवासी ताजगंज, प्रमोद (39) पुत्र देवलाल निवासी आगरा और राकेश जैन (44) पुत्र मुन्नालाल निवासी नामनेर आगरा को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 60 लोहे की कमानी के सेट को बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अब तक चोरी के मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।




उनके पास से 74 सेट लोहे की कमानी के बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों कबाड़ियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पूर्व में चोरों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। चोरों की निशान देही पर माल खरीदने वाले आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया रविवार को तीन कबाड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**निजी अस्पताल के बाहर कार्रवाई की मांग**

# ऑपरेशन के दौरान पत्नी की तबीयत बिगड़ने से मौत, परिजनों का हंगामा

**बेधड़क** | जोधपुर

बनाड़ थाना इलाके में एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान महिला की तबीयत बिगड़ी तो अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे एम्स रेफर कर दिया। पति अपनी पत्नी को 20 मिनट में एम्स लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने बताया कि इनकी मौत तो 2 घंटे पहले ही हो गई है।

पति का आरोप है कि डॉक्टर 2 घंटे तक उसकी मृत पत्नी को इलाज के नाम पर ऑपरेशन थिएटर में रखे रहे। इसके बाद पति ने सुबह गांव से परिजनों को बुला लिया और प्राइवेट हॉस्पिटल के आरोपी डॉक्टरों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गया। उसके परिजन और ग्रामीण सुबह 11 बजे से हॉस्पिटल के बाहर डटे रहे और पुलिस भी मौजूद है। निजी अस्पताल के बाहर परिजन और ग्रामीण बैठे रहे। इनकी मांग है कि आरोपी डॉक्टर को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए।





### तबीयत बिगड़ी तो एम्स ले जाने को कहा

पिपाड़ शहर के बुचकला निवासी महेंद्र देवासी ने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे वह अपनी पत्नी भगवती देवासी (25) को बनाड़ स्थित एक निजी अस्पताल लेकर आया था। एक महीने पहले भगवती का इसी हॉस्पिटल में बच्चादानी का ऑपरेशन किया गया था। लेकिन, उसमें कोई परेशानी आ जाने से भगवती को शनिवार को वापस बुलाया गया था। महेंद्र ने आरोप लगाया कि भगवती का इस अस्पताल के डॉक्टरों ने 5 बजे ऑपरेशन शुरू कर दिया। महेंद्र ने बताया कि पत्नी ने खाना खाया हुआ था उसके बावजूद डॉक्टर उसे ऑपरेशन थिएटर में ले गए। 2 घंटे बाद शाम को करीब 7 बजे डॉक्टरों ने अचानक उसकी पत्नी को एम्स हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया।

### इधर, एम्स में कहा 2 घंटे पहले ही हो चुकी मौत

महेंद्र ने बताया कि निजी अस्पताल से एम्स की दूरी करीब 9 किमी है। 20 मिनट में वहां पहुंचने के बाद जैसे ही डॉक्टर ने उसे चेक किया तब कहा- इनकी मौत तो 2 घंटे पहले ही हुई है। इसके बाद भगवती को शव को एम्स की मॉर्च्युरी में रखवाया। रविवार सुबह परिजन व ग्रामीण पीपाड़ से जोधपुर पहुंचे। यहां निजी अस्ताल के बाहर बैठ गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों की मांग है कि आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मौके पर बनाड़ थाने की पुलिस समझाइश में जुटी है। महेंद्र ने बताया कि निजी अस्पताल से उसकी पत्नी को एम्स में लाया गया था। वहां उसके साथ खांगटा हॉस्पिटल के डॉ. मनीष खंगटा उसके साथ एम्बुलेंस में चले थे। एम्स इमरजेंसी में पहुंते ही वहां के डॉक्टरों ने उनकी पत्नी भगवती को मृत बता दिया था।

### दो घंटे तक ओटी में रखा फिर रेफर

महेंद्र ने बताया कि शनिवार शाम को 5 बजे उनकी पत्नी भगवती को डॉ. स्वाति कुल्हार ने ओटी में लिया था। वहां 20 मिनट बाद ही हलचल तेज हो गई। उसने हॉस्पिटल के स्टॉफ से पूछने की कोशिश की लेकिन किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद महेंद्र ने ओटी में घुसने की कोशिश की तो उसे ओटी में बुलाया गया जहां डॉक्टर मनीष खांगटा व डॉ. स्वाति कुल्हार उसकी पत्नी के पैर व हाथ पर को रगड़ रहे थे। ओटी में लगे मीटर में भगवती की पल्स भी काफी कम आ रही थी। इसके बाद करीब आधे घंटे तक डॉक्टरों ने उसे ओटी में ही रखा। इसके बाद हॉस्पिटल से कोई जवाब नहीं आने पर महेंद्र ने जोधपुर में रहने वाले अपने कुछ परिजनों को वहां बुला दिया। इसके बाद डॉक्टरों से पत्नी की हालत को जानना चाहा। करीब 7 बजे उसकी पत्नी को निजी अस्पताल से एम्बुलेंस में रेफर कर दिया गया।

## बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए अच्छे स्कूल का चयन जरूरी

# नया सेशन आज से शुरू पैरेंट्स कुछ बातों का रखें ध्यान



### इन बातों की करें जांच

- स्कूल फीस
- स्कूल के माहौल
- स्कूल में उपलब्ध सुविधाएं
- स्कूल में बच्चों की सुरक्षा,
- आने-जाने की सुविधा,
- किस बोर्ड से पढ़ाई कराई जा रही है

■ महंगा और बड़ा स्कूल जरूरी नहीं, शिक्षा का अच्छा स्तर होना आवश्यक

बेधड़क | जयपुर

जब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं, तो पेरेंट्स को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। बच्चे को नए स्कूल में एडजस्ट करना पेरेंट्स के लिए काफी बड़ा टास्क होता है। एडमिशन से पहले बच्चों के साथ-साथ पेरेंट्स भी वहां के माहौल को लेकर काफी परेशान रहते हैं। ऐसे में बच्चे को नए स्कूल में शिफ्ट करने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि किसी भी बच्चे का भविष्य उसकी शिक्षा पर निर्धारित होता है। अगर वो अच्छी शिक्षा के साथ बड़ा होता है तो उसमें अलग गुणों के साथ बेहतर भविष्य के निर्माण की क्षमता भी होती है।

इसलिए हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे शुरुआत से ही ऐसे स्कूल में पढ़ाई करें जहां से उसे ऐसा ज्ञान प्राप्त हो कि वो दिनों-दिन आगे बढ़ें और अपने भविष्य का खुद निर्माण कर सके। अगर आपका बच्चा भी स्कूल जाने वाला है तो पैरेंट्स का फर्ज बनता है कि अच्छे स्कूल का चयन करें। जरूरी नहीं कि हम बच्चों को महंगे स्कूल में भेंजे, इससे ज्यादा जरूरी है स्कूल की परफॉर्मेंस।

### स्कूल के शेड्यूल में शिफ्ट करें

अगर बच्चा किसी नए स्कूल में शिफ्ट हो रहा है, तो कुछ हफ्ते पहले से ही बच्चे को उस स्कूल के शेड्यूल में शिफ्ट करने की कोशिश करें। इससे बच्चे को नई रूटीन अपनाने में आसानी होगी।

### टीचर्स के बारे में जानकारी जुटाएं

अगर आप अपने बच्चे का एडमिशन किसी स्कूल में करवा रहे हैं तो उस स्कूल में पढ़ाने वाले टीचर की जानकारी अवश्य हासिल कर लें। अगर उस स्कूल के शिक्षक नेशनल कॉउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा निर्धारित पैरामीटर्स पर खरा उतरते हैं तो आप वहां अपने बच्चे को दाखिला दिला सकते हैं।

### स्कूल का शैक्षिक रिकॉर्ड कर लें चेक

अपने बच्चे को किसी स्कूल में एडमिशन दिलाने से पहले उस स्कूल का पिछले वर्षों का शैक्षिक रिकॉर्ड अवश्य चेक कर लें। इससे आपको उसके प्रदर्शन का पता चलेगा। आप लिए उस स्कूल का हाई स्कूल यानी कि 10वीं और इंटरमीडिएट यानी कि 12वीं का पिछला रिकॉर्ड जैसे- कितने प्रतिशत स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षा में पास हो रहे हैं।

### स्कूल की अच्छी तरह जांच-पड़ताल करें

बच्चे का एडमिशन कराने से पहले स्कूल का रिसर्च करनी भी जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले स्कूलों की लिस्ट तैयार कर लें। इसके बाद वहां के सुविधाओं, कर्मचारियों के क्वालिफिकेशन और मान्यता प्राप्त चीजों के बारे में पता करें। इसके अलावा आप वहां के माहौल के बारे में जानने के लिए स्टाफ से बात कर सकते हैं।

### दूरी का ध्यान रखें

किसी भी बच्चे का एडमिशन स्कूल में करवाने से पहले उस स्कूल की डिस्टेंस का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। अगर घर से 1 किलोमीटर से 3 किलोमीटर तक के क्षेत्र में स्कूल स्थित है तो उसे आइडल माना जाता है। इससे बच्चों के ज्यादा दूर आने-जाने के झंझट से मुक्ति मिलती है वहीं टाइम का बचाव होता है ताकि बच्चा उस समय का इस्तेमाल अन्य एक्टिविटी के साथ ही परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता सकता है।

### शैक्षणिक स्तर पर ध्यान दें

स्कूल का चुनाव करते वक्त सुनिश्चित करें कि स्कूल कठोर पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो आपके बच्चों को कॉलेज और की पढ़ाई के लिए तैयार करेगा। स्कूल में शिक्षक और छात्र अनुपात के बारे में पता करें।

### यातायात सुविधा और बजट का रखें ध्यान

स्कूल की फीस और अन्य खर्चों की लागत पर ध्यान दें। स्कूल की लागत कई परिवारों के लिए एक बड़ा वित्तीय बोझ हो जाती है। स्कूल आने-जाने के लिए यातायात सुविधा और बच्चों की सुरक्षा जैसे पहलुओं पर भी विचार करें।

### स्कूल की अन्य गतिविधियां भी पूछें

स्कूल चुनने से पहले यह जरूर चेक कर लें कि एक्स्ट्रा करिकुलर के लिए स्कूल में कितने माध्यम उपलब्ध हैं। वर्तमान समय के बच्चे पढ़ाई के साथ स्पोर्ट्स, गेङ्क्षमग, डांङ्क्षसग, ङ्क्षसङ्क्षगग सहित बहुत से चीजे करना चाहते हैं उसके लिए स्कूल के पास क्या इंतजाम हैं।

### फाइनेंशियल स्टेटस

इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी स्कूल आपकी बेहतरीन लाइफस्टाइल और स्टैंडर्ड के बारे में जानना नहीं चाहता इसी कारण अपनी फाइनेंशियल स्टेटस के बारे में बात करने से बचें।

### किसी दूसरे स्कूल से तुलना ना करें

आपने अपने बच्चे के लिए कई स्कूलों में इंटरव्यू दिया होगा लेकिन इस बात का बेहद खास ध्यान रखें कि किसी एक स्कूल की तुलना दूसरे स्कूल से ना करें। अक्सर एक स्कूल द्वार दी जानी वाली सुविधाओं के बारे में अभिभावक दूसरे स्कूल में जाकर बताते हैं। लेकिन अभिभावकों को ऐसा करने से बचना चाहिए क्योंकि स्कूल हमेशा अपने छात्रों के लिए सबसे बेहतर सुविधा देते हैं।

### एडमिशन के लिए इंटरव्यू से पहले की तैयारी

प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चे के लिए एक अच्छा स्कूल और अच्छी शिक्षा चाहते हैं। हर साल कई स्कूलों में एक बड़ी संया में एप्लीकेशन भेजे जाते है। इन एप्लीकेशन में शॉर्टलिस्ट होने के बाद कई स्कूल बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता का भी इंटरव्यू लेते हैं। ऐसे में कई अभिभावकों के मन में इंटरव्यू और उसमें सफलता प्राप्त करने के बारे में कई प्रश्न होते हैं। आप इन बातों को ध्यान में रखकर इंटरव्यू में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अभिभावकों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि स्कूल एडमिशन के दौरान बेस्ट फिट कैंडिडेट का चुनाव करते हैं और अभिभावकों के एक्शन से अक्सर बच्चों के जज किया जाता है। इसी कारण अगर आप स्कूल में इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो समय से पहुंच जाएं। ऐसा करने से अभिभावक के साथ-साथ बच्चों की इमेज भी अच्छी बनेगी।

## Yuva स्टोरीज



### त्रिवेणी नगर में त्रिदिवसीय योग शिविर का आयोजन

**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के योगायुर्वेद विद्याशखा के तत्त्वावधान में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 के उपलक्ष में शहरवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए त्रिदिवसीय योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 29 से 31 मार्च तक त्रिवेणी नगर पार्क में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न योग प्रणालियों और आसनों की शिक्षा दी गई। कार्यक्रम में ध्यान और प्राणायाम कक्षाएं के बारे में बताया गया। साथ ही पोषण और जीवनशैली पर भी विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए गए। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के योगाचार्य नवनीत मलेठिया ने कहा, हमारा उद्देश्य लोगों को शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्त करना और उनके जीवन में सकारात्मकता लाना है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है।



### सांगानेर बार और बैंच के बीच हुआ फ्रेंडली मैच

**जयपुर।** दी बार एसोसिएशन सांगानेर की ओर से न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के मध्य फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन न्यू भारत क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। इस दौरान दोनो ही टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने पहले बैटिंग करते हुए 91 रन का लक्ष्य दिया, जिसे अधिवक्ताओं की टीम ने सिर्फ एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में सांगानेर बार के अधिवक्ता के साथ ही न्यायिक अधिकारी परिवार सहित मैच का लुत्फ लेने पहुंचे। बार अध्यक्ष हंसराज भहरवाल ने बताया कि मैच में एडीजे विशाल भार्गव, किशन लाल चौधरी, एसीएमएम प्रदीप कुमावत, संजीव कुमार एवम बृजेश कुमार समेत अन्य ने न्यायिक अधिकारियों की टीम को ओर से बेहतर परफॉर्म किया। बार कॉन्सिल राजस्थान के वाइस चेयरमैन कपिल माथुर ने सफल आयोजन के लिए बार को धन्यवाद दिया। एडीजे विशाल भार्गव ने कहा कि बार एवं बेंच के मध्य ऐसे सौहार्दपूर्ण आयोजनों से मधुर संबंध बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान बार के अध्यक्ष हंसराज भहरवाल, महासचिव भागीरथ सिंह चौहान ने अतिथियों एवम विजेता टीम को मोमेंटो भेंट किए। कार्यक्रम मे पूर्व अध्यक्ष श्री प्रकाश तिवाड़ी, हुकुम चंद पारीक, सुरेंद्र ढाका, मुन्नवर इस्लाम, जेपी शर्मा, मोहित पारीक, प्रदीप शर्मा, निगार सुलताना, सीता बैरवा, अर्चना झा समेत बड़ी संख्या में सांगानेर बार के अन्य अधिवक्ता उपस्थित हुए।

## लैपटॉप वितरण योजना: 110 करोड़ रुपए खर्च करेगी सरकार

# सरकारी स्कूल के 55,800 टॉपर्स स्टूडेंट्स को मिलेंगे टैबलेट

बेधड़क | जयपुर

राज्य के सरकारी स्कूलों में 8वीं, 10वीं और 12वीं के 55 हजार 800 टॉपर्स स्टूडेंट्स को टैबलेट देने का फैसला सरकार ने किया है। इसका वितरण नए शिक्षा सत्र में जुलाई के बाद होगा। शिक्षा निदेशालय स्तर पर इसकी पूरी तैयारी हो चुकी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने टैबलेट वितरण का ठेका फाइनल कर दिया है। सरकारी स्कूलों में 8वीं, 10वीं और 12वीं के 55 हजार 800 टॉपर्स स्टूडेंट्स को एसर और सैमसंग कंपनी के टैबलेट दिए जाएंगे। इस पर 110 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले टेंडर फाइनल हो गए थे, लेकिन वर्क ऑर्डर जारी नहीं किए जा सके। अब आचार संहिता हटने के बाद वर्क ऑर्डर जारी किए जाएंगे। उसके बाद दोनों कंपनियों को टैबलेट की आपूर्ति करने का समय दिया जाएगा। ऐसे में जुलाई से पहले वितरण शुरू



नहीं हो सकेगा। यह योजना पिछले पांच साल से लंबित थी। चुनाव आचार संहिता के हवाला देते हुए शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने इस विषय पर कुछ भी कहने से इनकार किया है।

सूत्रों के अनुसार वर्ष 2019-20 से लेकर अब तक 8वीं, 10वीं और 12वीं के कुल एक लाख 20 हजार 900 स्टूडेंट्स को टैबलेट देने के प्रस्ताव थे। इसके लिए 223 करोड़ के बजट का प्रावधान सरकार ने किया था। अब इसमें कटौती कर दी गई है।

### यह है योजना

सरकारी स्कूलों के समस्त वर्गो के मेधावी स्टूडेंट्स जिन्होंने 8वीं, 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक अर्जित किए हैं। उन्हें वरीयता के आधार पर लैपटॉप या टैबलेट का वितरण किया जाता है। वर्ष 2018 में 27,900 स्टूडेंट्स को लैपटॉप दिए गए थे। वर्ष 2019 के बाद बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को लैपटॉप नहीं दिए गए। अब दो साल के टॉपर्स को ही मिलेंगे।

### 65 हजार 100 टॉपर्स वंचित

सरकार ने वर्ष 2022-23 व 23-24 के 55800 टॉपर्स को ही टैबलेट देने का फैसला किया है। 2019-20 से लेकर 2021-22 तक के 65 हजार 100 टॉपर्स को टैबलेट नहीं मिलेंगे। उस वक्त कोरोना काल था। स्टूडेंट्स को फार्मूले के तहत प्रमोट किया गया था। इसलिए सरकार ने उन्हें टैबलेट के योग्य नहीं माना। इससे इन स्टूडेंट्स को निराशा होगी। हालांकि इनमें सैकड़ों स्टूडेंट्स अब कॉलेज की पढ़ाई भी पूरी कर चुके हैं।

## सर्वे टीम ने खोली कोटा में चल रहे पीजी की पोल

# गाइडलाइन दरकिनार कर चल रहे पीजी

बेधड़क | कोटा

शिक्षा नगरी कोटा में भविष्य संवारने के लिए पहुंचने वाले कई स्टूडेंट्स अब तक आत्महत्याएं कर चुके हैं और ये सिलसिला जारी है। हर महीने किसी न किसी स्टूडेंट की मौत की खबर सुनने को मिलती है। प्रशासन भी इन सुसाइड को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं अब प्रशासन की सर्वे टीम ने कोटा में चल रहे हॉस्टल और पीजी की पोल खोल दी है। कोटा शहर में करीब 40 हजार से ज्यादा पीजी (पेइंग गेस्ट) अनकंट्रोल हो चुके हैं। प्रशासन की सर्वे टीम मानती है कि शहर के 80 प्रतिशत पीजी में गाइडलाइन की पालना नहीं हो रही। यदि गाइडलाइन को गंभीरता से लिया जाता तो बीते दिनों दो कोचिंग छात्रों को सुसाइड से बचाया जा सकता था। विज्ञान नगर की मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के फ्लैट में 26 मार्च और महावीर नगर फर्स्ट के पीजी में 27 मार्च को दो कोचिंग छात्रों ने पंखे पर लटककर सुसाइड किया। जहां दोनों छात्रों ने सुसाइड किया, उन कमरों के पंखों पर एंटी हैंगिंग डिवाइस नहीं थी। इन दोनों घटनाओं ने प्रशासन द्वारा हर होस्टल और पीजी तक जाकर सर्वे के दावों की पोल खोल दी है।

राज्य सरकार के निर्देश पर जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने अलग-अलग निरीक्षण दल बनाए थे। जिनको एरिया वाइज होस्टलों और पीजी का सर्वे करने की जिम्मेदारी दी गई थी। सर्वे एंटी हैंगिंग डिवाइस, गेट कीपर ट्रेनिंग, फायर एनओसी जैसे बिंदुओं पर किया जाना है। लेकिन, करीब डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद अभी तक सर्वे पूरा नहीं हुआ।

## चर्चा | राजस्थान रूमेटोलॉजी एसोसिएशन की दो दिवसीय कांफ्रेंस

# अब मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज से गठिया पर होगा बेहतर नियंत्रण

बेधड़क | जयपुर

देशभर के गठिया रोग विशेषज्ञों का महाकुंभ रविवार से जयपुर में शुरू हुआ। राजस्थान रूमेटोलॉजी एसोसिएशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय आरआए-2024 कांफ्रेस में पहले दिन एक्सपर्ट्स ने बताया कि रूमेटॉयड आर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है।

जिसे नियंत्रित करने के लिए बायोलॉजिकल दवाओं का इस्तेमाल करने का ट्रेंड बढ़ गया है। अब इसके इलाज में मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज भी बना ली गई हैं जिससे इस बीमारी को और बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर की




कांफ्रेस में कांफ्रेस की आयोजन सचिव डॉ। आराधना सिंह ने बताया कि राजस्थान रूमेटोलॉजी एसोसिएशन की ओर से यह पहली कॉन्फ्रेंस है, जिसके शुभारम्भ सत्र में सबसे पहले रूमेटोलॉजिस्ट डॉ. देवाशीष ढांढा को श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. सिंह ने बताया कि नई दवाओं से अब रूमेटॉयड आर्थराइटिस को विकसित करने वाले प्रोटीन की सक्रियता को कम किया जा सकता है।

मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज सीधे इन प्रोटीन को ब्लॉक कर देती हैं, जिससे बीमारी नियंत्रित हो जाती है। ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. रेणु सैगल ने कहा कि पहले दिन डॉ. चंद्रशेखर श्रीकांति ने सिस्टेमिक स्क्लेरोसिस, डॉ. अमित शर्मा ने रूमेटॉयड आर्थराइटिस में नई ड्रग्स पर जानकारी दी।

### देशभर के गठिया रोग विशेषज्ञों का महाकुंभ शुरू

कांफ्रेस में एम्स दिल्ली में रूमेटोलॉजी एचओडी डॉ. उमा कुमार ने ल्यूपस नेफ्राइटिस को लेकर विस्तार से जानकारी दी जबकि डॉ. अविनाश और डॉ. राशि माहेश्वरी ने बताया कि रूमेटोलॉजी से जुड़ी बीमारियां ऑटोइम्यून डिजीज होती हैं। इनके लिए एंटी न्यूक्लियर एंटीबॉडी टेस्ट कराया जाता है जिसमें माइक्रोस्कोप से रक्त में न्यूक्लियर एंटीबॉडी देखी जाती हैं। यह काम अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा किया जाएगा जिसमें इंसानी गलती होने की संभावना बिल्कुल खत्म हो जाएगी। एआई की मदद से माइक्रोस्कोप में वह हिस्सा भी नहीं छूटेगा जो इंसानों की नजर से बच सकता है। दो दिवसीय कांफ्रेस में देशभर के 200 से अधिक रूमेटोलॉजिस्ट भाग ले रहे है.कांफ्रेस में कल भी कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिसमें विशेषज्ञ गठिया रोग की रोकथाम व उपचार को लेकर जारी नवाचारों पर चर्चा होगी।

# शीतलाष्टमी विशेष: कई संदेश देती हैं माता शीतला




रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार


हमारे देश में विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाए जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे। शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी- हैजे की देवी, चौंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती-रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है।

शीतला माता देवी है जो गधे पर सवार होती हैं और नीम के पत्तों की माला का श्रृंगार करती हैं। इस दिन घर में बासी पुआ, पूड़ी, दाल भात और मिठाई का भोग लगाया जाता है। शीतला माता को भोग लगाने के बाद घर के सदस्य खुद इसका सेवन करते हैं। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं। इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाए जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है। शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाड़ू) और नीम के पत्ते धारण किए हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाड़ू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

***वन्देऽहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बरराम्,***
***मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालंकृतमस्तकाम्।***

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है।


आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है। लोक किंवदंतियों के अनुसार बसौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसाद स्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढ़िया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांव वालों ने जाकर उस बुढ़िया से घर न जलने के बारे में पूछा तो बुढ़िया ने मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया, जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढ़िया का घर जलने से बचा लिया। बुढ़िया की बात सुनकर गांव वालों ने शीतलामाता से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> *संसार में दो प्रकार के प्राणी होते हैं। पहला सौर शक्ति प्रधान और दूसरा चान्द्र शक्ति प्रधान। सौर शक्ति के बारे में कहा जाता है कि सौर शक्ति जीव बहुत चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील होते हैं, जबकि चान्द्र शक्ति प्रधान व्यक्ति इसके विपरीत होते हैं। चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए।*

## मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है बहुत बुरा प्रभाव

# मिलावट के दौर में बस दर्द खालिस है...




गीता यादव
स्वतंत्र पत्रकार


*'खाली डब्बा, खाली बोतल ले*
*ले मेरे यार*
*खाली से मत नफरत करना,*
*खाली सब संसार*
***खाली की गारंटी दूंगा, भरे हुए***
***की क्या गारंटी***
***शहद में गुड़ के मेल का डर है,***
***घी के अंदर तेल का डर है***
*मक्खन में चर्बी की मिलावट,*
*केसर में कागज की खिलावट*
*मिर्ची में ईंटों की घिसाई, आटे में*
*पत्थर की पिसाई।'*



यह गीत 1968 में आई फिल्म 'नील कमल' का है। इसे अभिनेता महमूद पर फिल्माया गया था। मिलावट पर केंद्रित, यह गीत इस बात की तस्दीक करता है कि खाद्य पदार्थों की मिलावट का खेल बरसों पुराना है। किसी भी तरह से, किसी भी ऐसे पदार्थ को मिलाना, जो भोजन की गुणवत्ता को बदल देता है, खाद्य मिलावट है। जो पदार्थ मिलाया जाता है, उसे मिलावट कहते हैं। भारत में मिलावटी पदार्थों की शुरुआत कब हुई, निश्चित रूप से तो कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह निश्चित है। इसकी दिखाई पड़ने वाली शुरुआत व उसकी बढ़ोतरी स्वतंत्रता के बाद, विकास के बढ़ते दौर के साथ हुई है। जनसंख्या, विज्ञान और व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि के साथ जैसे-जैसे वस्तुओं की मांग बढ़ी, वैसे-वैसे मिलावट में भी वृद्धि हुई है। नकली-सस्ती चीजों को मिलाकर बेचने वाले मुनाफा भी अधिक कमाते हैं।

एफएसएसएआई की रिपोर्ट से ये साफ हो चुका है कि भारत में 13 फीसदी खाना गुणवत्ता के मानक स्तर से नीचे है। आज मिलावट का स्वरूप बदल चुका है। कोई भी खाद्य पदार्थ, इससे अछूता नहीं है। आईआईटी बॉम्बे की एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, अब नमक भी सुरक्षित नहीं रहा। बड़ी-बड़ी कंपनियां नमक में प्लास्टिक मिलाती हैं। खाद्य पदार्थ फल, सब्जी, औषधि, पदार्थ, चॉकलेट आइसक्रीम, सौंदर्य प्रसाधन आदि में घातक कृत्रिम रसायन और कीटनाशक मिले हैं। नवजात शिशु दूध भी शुद्ध पी रहा है, इसकी कोई गारंटी नहीं है। यह मिलावटी उत्पाद हमारे जीवन में क्या-क्या उत्पात मचा सकते हैं, यह जानकर हमारी रूह कांप सकती है। अनेक मिलावटी सामग्रियों में से ज्यादातर पदार्थों में केमिकलों की मिलावट की जाती है। ये केमिकल मानव स्वास्थ्य पर अल्पकालीन से लेकर दीर्घकालीन प्रभाव तक छोड़ते हैं।

खाद्य पदार्थों की मिलावट का बुरा प्रभाव डायरिया, पेट दर्द, मितली, उल्टी, आंखों की समस्या, सिर दर्द, कैंसर, खून की कमी, नींद न आना, लकवा और मस्तिष्क को क्षति, पेट के विकार, जोड़ों के दर्द, लिवर विकार, ड्राप्सी, आंत्रशोथीय समस्याओं, श्वसन संबंधी परेशानियों, कैंसर, कार्डियक अरेस्ट, ग्लूकोमा, गुर्दों में खराबी,पाचन तंत्र के विकारों आदि के रूप में सामने आते हैं। नए-नए रोगों के चलते डॉक्टरों के यहां लगी रोगियों की कतारें, काफी हद तक मिलावटी खाद्य पदार्थों का ही नतीजा हैं। ऐसा माना जाता है, दिन-भर के भोजन में सबसे ज्यादा और संतुलित पोषण किसी चीज से मिलता है, तो वो सब्जियां हैं। भारत की खाद्य सुरक्षा एवं मानक अथॉरिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश भर के बाजारों में बेची जा रही सब्जियों में से कम से कम 9.5 फीसदी खाने लायक नहीं पाई गई हैं। रासायनिक कीटनाशकों से हो रही खेती के कारण पंजाब में कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ी। ये पीड़ित कुछ समय पहले तक अपने इलाज के लिए बठिंडा से बीकानेर जिस ट्रेन से जाते थे, उसे कैंसर एक्सप्रेस के नाम से पुकारा जाने लगा था। लोग इस ट्रेन का असली नाम तक भूल गए थे। कृषि वैज्ञानिक बताते हैं, कीड़े-मकौड़ों और बीमारियों की रोकथाम के लिए आजकल अनाज, फल, सब्जियों आदि पर अंधाधुंध पेस्टीसाइडों का प्रयोग किया जाता है, जिनमें से कई का असर पदार्थों को धोने पर भी नहीं जाता। ये बचे हुए पेस्टीसाइड शरीर के प्रमुख अंगों पर जहरीला असर डालते हैं।

भारत में दूध में मिलावट एक चुनौती है। बीस फीसदी से ज्यादा दूध मिलावट करके तैयार किया जाता है। भारत में खुले मसालों की बिक्री अभी भी थमी नहीं है, जबकि 2018 में बने कानून के अनुसार ऐसा करना गैर कानूनी है। अनेक डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों में कृत्रिम फ्लेवर डाला जाता है। सौंदर्य प्रसाधनों में प्रिजर्वेटिव के हानिकारक प्रभावों से कोई नहीं बचा है। बात दवाओं की करें, तो इसमें मिलावट कोई नया विषय नहीं। दवाओं की मिलावट अच्छे या बुरे स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि ज़िंदगी और मौत को निर्धारित करती है। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पकड़े गए आरोपी अस्पताल से खाली शीशियां लेते थे, फिर उनमें नकली दवाई भर उसे बेच देते थे। अब सवाल उठता है कि जिन लोगों ने ये नकली दवाएं खाई हैं, उनका क्या हश्र हुआ होगा। खाने-पीने की वस्तुओं के अलावा अनेक ऐसी वस्तुएं हैं, जो आम आदमी इस्तेमाल करता है और अनजाने में ही उनके इस्तेमाल से होने वाले नुकसानों का खामियाजा भुगत है। शोध बताते हैं, हम लोग मिलावटी खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल करते-करते उनके रूप-रंग को देखने के इतने आदी हो गए हैं कि असली चीजें देखने या प्रयोग करने पर नकली जैसी लगने लगती हैं। सबसे विकट स्थिति उपभोक्ता के सामने होती है, जो ज्यादातर मामलों में असली सामान की पहचान करने की सलाहियत नहीं रखते। यद्यपि मिलावट रोकने के लिए सरकार ने अनेक उपाय किए हैं। समय-समय पर कमजोर नियमों में सुधार भी किए जाते रहे हैं, फिर भी मिलावट का कहर कम नहीं हो पा रहा है।

इस बारे में अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान, जयपुर के पंकज ओझा का कहना है, आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए विभाग की ओर से मिलावट की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आप देख सकते हैं, त्योहारों का सीजन शुरू होने पर व्यापारियों के साथ ही विभाग भी चौकन्ना हो जाता है और छापेमारी की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। क्योंकि दुकानदारों द्वारा लंबे समय से रखे गए स्टॉक को त्योहारों पर उसकी मिठाइयां बनाकर खपाने की प्रवृत्ति होती है। त्योहार ऐसा मौका होता है, जब जनता द्वारा अधिक मिठाइयां खरीदी जाती हैं। इसलिए व्यापारियों की सोच भी यही होती है कि जनता त्योहार पर अवश्य ही उनसे मिठाइयां खरीदेगी। इसलिए लाभ कमाने के लालच में अधिक मिलावट की जाती है। खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर हम समय-समय पर व्यापारियों को जागरूक भी करते रहते हैं। हाल में हमने 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत एक सेमिनार का आयोजन भी किया था, जिसमें बड़ी संख्या में फूड व्यापारी शामिल हुए थे। अगर आम आदमी चाहे तो मिलावट का संदेह होने पर मुखबिर योजना के तहत शिकायत दर्ज करवा सकता है। शिकायत दर्ज करवाने के लिए 181 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> *मिलावट वह संगीन जुर्म है, जो आतंकवाद से ज्यादा खतरनाक है। इसे घोर विडंबना ही कहेंगे कि चीन में दूध में मेलामाइन की मिलावट करने पर दोषी को फांसी की सजा दी जाती है, लेकिन भारत में मिलावटखोरों को किसी का खौफ नहीं। क्या हमारे देश में भी मिलावट कर आमजन की जिंदगी से खेला करने वालों को फांसी की सजा का प्रावधान नहीं होना चाहिए?*

**व्यंग्य**

पहली अप्रैल विशेष

## गर्व कीजिए मूर्खता पर




ब्रजेश कानूनगो
व्यंगकार


मूर्खता या मूर्ख को परिभाषित करना भी बडा कठिन कार्य है। मूर्खता के प्रतीक के रूप में अक्सर गधे जैसे सीधे-सादे प्राणी को निशाना बनाया जाता रहा है। प्रश्न यह पैदा होता है कि क्या वाकई गधा या गधापन मूर्ख और मूर्खता का प्रतिनिधित्व सही रूप मे करते हैं।

अगर गधे के बिना बोले बोझा ढोने के गुण से मूर्खता परिलक्षित होती है तो फिर वे सब भी मूर्ख हुए जिन्होने किसी न किसी तरह का भार अपने कन्धों पर उठाए रखा है। जो यह मानते हैं कि वे ही हैं जिनके कन्धों पर सवार होकर देश आगे बढ रहा है, वे भी गदर्भराज की बिरादरी मे सम्मिलित किए जाने के योग्य हो जाते हैं। यह भार जो कन्धों पर बेताल की तरह सवार होकर जीवन की अनेक अच्छी-बुरी कहानियां सुनाते हुए हमसे प्रश्न पूछता रहता है ,वैचारिक हो सकता है, प्रशासनिक हो सकता है, राजनैतिक हो सकता है, व्यवस्थागत हो सकता है। अर्थात वे सब जिनके ऊपर किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी है वे सब मूर्ख हुए। न सिर्फ गधे के साथ अपितु हरेक व्यक्ति के साथ मूर्खता के सन्दर्भ मे यह ज्यादती ही है। अगर समय असमय गधे के रैंकने की प्रवृति गधे को मूर्ख कहे जाने का कारण है तो यह प्रवृत्ति तो आदमजात मे भी पाई जाती है,अंतर सिर्फ इतना है कि यहाँ इसे भाषण, प्रतिक्रिया, गुस्सा, दहाडना, हसंना, गुनगुनाना आदि कहा जाता है।

कुछ लोग उल्लू जैसे चतुर और अन्धेरे मे भी देखने की क्षमता रखने वाले तेज नजरोंवाले पक्षी को मूर्ख का प्रतिरूप मनते हैं,जबकि लक्ष्मी का वाहन ही उल्लू को कहा गया है। इसका मतलब वे सब लोग जो नियमों और कानून के सुराखों को अपनी तेज नजरों से तलाश करके लक्ष्मीपति बने हैं,क्या मूर्ख कहे जाने योग्य हैं?

दरअसल मूर्खता का रिश्ता किसी पशु या पक्षी की बजाय समकालीनता से ज्यादा करीब का होता है। जिस काम को किए जाने के लिए समय का आग्रह हो और आप उसके लिए प्रतिकूल कार्य करें तो वह मूर्खता कही जाएगी। मसलन परीक्षाएँ चल रही हों, नकलपट्टी जोर शोर से जारी हो,लेकिन आप बहती गंगा मे हाथ नही धोना चाहते और स्वज्ञान से प्रश्नपत्र हल करते हैं। जरा से सेवा शुल्क के भुगतान से आप को मन चाही पोस्टिंग मिल सकती है लेकिन आप जमाने के दस्तूर से दूर रहते हैं। चुनावों मे आपको लगता है कि आप ने सही प्रतिनिधि को चुना है लेकिन बाद मे महसूस करते हैं कि वह आपकी एक मूर्खता ही थी, वोट का ठप्पा किसी भी निशान पर पड़े,आपके द्वारा भेजा गया व्यक्ति संसद में जो करता है, वह किसी से छुपा नही रह गया है।

सच तो यह है कि समझदारी एक ऐसी तलवार है जो मूर्खता की पारदर्शी म्यान मे रखी होती है।जिस डाली पर महाकवि कुल्हाडी चलाकर मूर्ख कहलाए, उसी डाली के फूल महाकवि की विद्वता पर न्यौछावर हो गए। मूर्ख और मूर्खता के महत्व को कभी भी कम नही आँका जाना चाहिए।

## नॉलेज कॉर्नर: राष्ट्रीय महत्व खो चुके स्मारकों का क्या होता है!

# ASI 18 स्मारकों का नहीं करेगा रखरखाव!

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने 18 ऐसे स्मारकों और प्राचीन स्थलों की लिस्ट जारी की है जो अपना राष्ट्रीय महत्व खो चुके हैं। राष्ट्रीय महत्व की सूची से हटाए जाने पर ऐतिहासिक स्मारकों के रखरखाव के लिए ASI जिम्मेदार नहीं रहता है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने इस महीने अपने नोटिफिकेशन में यूपी, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा अरुणाचल प्रदेश की आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा संरक्षित 18 स्मारक और साइट्स के संदर्भ में कहा था कि वो 'राष्ट्रीय महत्व के नहीं रहे हैं।' आज के नॉलेज कॉर्नर में राष्ट्रीय महत्व के इन 18 स्मारकों के बारे में विस्तार से जानते हैं जिन्हें अब राष्ट्रीय महत्व से बाहर किया जा रहा है।

### लिस्ट में ये नाम हैं शामिल

ASI की 18 स्मारकों की सूची में सबसे ज्यादा 9 स्मारक उत्तर प्रदेश से हैं, जो संरक्षण खोने वाले हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के भारंली गंगा तिर में वट वृक्ष स्थित प्राचीन स्मारक के अवशेष, बांदा शहर का बंद कब्रिस्तान और कटरा नाका, झांसी के रंगून का बंदूकची बुर्किल की कब्र, लखनऊ शहर के गौघाट का कब्रिस्तान, लखनऊ के जहरीला रोड़ पर 6 से 8 मील पर स्थित कब्रिस्तान, लखनऊ-फैजाबाद रोड़ पर 3, 4 और 5 मील पर स्थित मकबरें, मिर्जापुर जिले के अहुगी में एक हजार ईसवीं के तीन छोटे लिंग मंदिर परिधि के अवशेष, वाराणसी का तेलिया नाला बौद्ध खंडहर, निर्जन गांव का हिस्सा, वाराणसी के कोषागार भवन में मौजूद तख्ती पट्ट (टेबलेट), उत्तराखंड में अल्मोड़ा के द्वाराहाट का कुटुम्बरी क्षेत्र नालिस, राजस्थान के जयपुर जिले के नगर स्थित किले के भीतर का अभिलेख, राजस्थान के कोटा जिले का बारन स्थित 12वीं सदी का मंदिर, अरुणाचल प्रदेश के लखीमपुर जिले का सादिया के पास का ताम्र मंदिर, हरियाणा के गुरुग्राम जिले का कोस मिनार संख्या 13, हरियाणा के करनाल जिले का कोस मिनार, मध्य प्रदेश के सतना जिले के बछौन किले के भीतर का शैल अभिलेख, दिल्ली के इम्पीरियल सिटी का बारा खंबा कब्रगाह, दिल्ली के कोटला मुबारकपुर का इंचला वाली गुमटी।



खंबा कब्रगाह, दिल्ली के कोटला मुबारकपुर का इंचला वाली गुमटी।

### 'राष्ट्रीय महत्व' का टैग?

ASI की ऑफिशियल रिपोर्ट के अनुसार, अगर केंद्र सरकार का ऐसा मानना है कि कोई ऐतिहासिक स्मारक या आर्केलॉजिकल साइट राष्ट्रीय महत्व नहीं रखती है, तो उसे संरक्षण दिए जाने वाली लिस्ट से हटा दिया जाता है। ऐसा होने पर सरकार एक नोटिफिकेशन जारी करती है। सरकार नोटिफिकेशन जारी करने के बाद 2 महीने का समय देती है। इस दौरान किसी व्यक्ति को फैसले पर आपत्ति या सुझाव होता है, तो वो उसे ASI को भेज सकता है। इसके बाद ASI स्मारक से 'राष्ट्रीय महत्व' का टैग वापस ले सकता है।


**केंद्र के पास है संरक्षण की शक्ति**

*एनशियेन्ट एंड हिस्टोरिकल मान्यूमेन्ट्स एंड आर्केलॉजिकल साइट्स एंड रिमेन्स एक्ट,1951 या राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के जरिए किसी स्मारक का राष्ट्रीय महत्व होना घोषित किया जा सकता है। केंद्र सरकार के पास किसी भी स्मारक को ASI द्वारा संरक्षण देने की ताकत होती है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और जनसेवा का कोई मुकाबला नहीं है। इस बार पूरे उत्तर प्रदेश में कमल खिलने जा रहा है। वाराणसी के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से संवाद कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।



**अमित शाह,** गृह मंत्री
@AmitShah
सीकर रोड-शो में उमड़ा ये जनसैलाब बता रहा है कि राजस्थान के लोगों का अटूट समर्थन मोदी जी के साथ है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
देश की पहली महिला डॉक्टर एवं शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं के लिए प्रेरणापुंज आनंदी गोपाल जोशी जी की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन।

लोकसभा चुनाव : खरगे, राहुल गांधी व प्रियंका समेत कई दिग्गज नेता भाजपा की व्यूह रचना को भेदने उतरेंगे मैदान में

# छत्तीसगढ़ में BJP का गढ़ भेदने की तैयारी में कांग्रेस, छह सीटों पर नजर

एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट में से छह भाजपा का गढ़ कही जाती हैं और वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद से यह पार्टी एक बार भी इन सीटों पर नहीं हारी है। कांग्रेस भाजपा का सियासी व्यूहरचना भेदने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को चुनाव अभियान पर उतारेगी। हालांकि उसके 40 स्टार प्रचारकों की सूची में राज्य के भी कई कद्दावर नेताओं के नाम





भी शामिल हैं पर पार्टी मुख्यरूप से इनके भरोसे ही रहेगी। कांग्रेस को भरोसा है वह इस बार भाजपा के किलों को भेदने में कामयाब होगी, जबकि भाजपा आश्वस्त कि वह अपनी जीत बरकरार रखेगी तथा राज्य की अन्य लोकसभा सीट पर भी कब्जा जमाएगी। इन छह सीट में अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कांकेर, सरगुजा तथा रायगढ़, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जांजगीर-चांपा और सामान्य वर्ग की रायपुर तथा बिलासपुर सीट शामिल हैं। राज्य की 11 लोकसभा सीट के लिए तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को चुनाव होंगे। राजनांदगांव लोकसभा सीट पर भाजपा 2000 से लगातार जीत रही है, लेकिन 2007 के उपचुनाव में कांग्रेस विजयी हुई थी। इस बार कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को यहां से मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद छत्तीसगढ़ के विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में भाजपा का अच्छा प्रदर्शन रहा है। भाजपा ने 2003 से 2018 तक 15 वर्षों तक राज्य में लगातार सत्ता संभाली और 2023 के विधानसभा चुनावों में जीत के बाद चौथी बार सत्ता में आई।

### भाजपा का रहा है दबदबा

भाजपा ने 2004, 2009 और 2014 में 10 लोकसभा सीट जीती थीं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा नौ सीट जीतने में कामयाब रही। दोनों दलों ने राज्य में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को तीन चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस ने भाजपा के छह गढ़ों को भेदने के लिए एक मौजूदा विधायक, दो पूर्व विधायकों जिनमें एक मंत्री भी रहे, दो नये चेहरों और एक अनुभवी नेता पर दांव लगाया है।

### कई दिग्गज नेता संभालेंगे प्रचार अभियान की कमान

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई ने शनिवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। जिसमें पार्टी के राज्य प्रभारी सचिन पायलट, रजनी पाटिल और तीन मुख्यमंत्रियों सिद्धरमैया (कर्नाटक), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिमाचल प्रदेश) और रेवंत रेड्डी (तेलंगाना) के नाम भी शामिल हैं। सूची में अन्य प्रमुख नेताओं कुमारी शैलजा, राज बब्बर, भक्त चरण दास, इमरान प्रतापगढ़ी और कन्हैया कुमार के नाम भी शामिल हैं। इनके अलावा राज्य के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, विपक्ष के नेता डॉक्टर चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और राज्य के छह पूर्व मंत्री शामिल हैं। राज्य में पिछले वर्ष हुए चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज कांग्रेस की थी।

### एक अंक में सिमट जाएगी कांग्रेस: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कहा है कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस एक अंक में सिमटकर रह जाएगी। टैक्स धोखाधड़ी में शामिल होने के बाद वह जिस तरह से आयकर नोटिस के मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, उससे वह बेनकाब हो गई है। भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और अन्य नेता अपनी टिप्पणियों से आयकर विभाग को धमकाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा- लेकिन, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'युग' है। इसमें कानून के सामने हर कोई समान है। इस्लाम ने कहा, कांग्रेस को टैक्स देनदारी के लिए आयकर विभाग से नोटिस मिला है।

### यह परिवार बचाओ-भ्रष्टाचार छुपाओ रैली: BJP

**नई दिल्ली।** भाजपा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली पर पलटवार करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र बचाओ रैली नहीं थी बल्कि यह परिवार बचाओ और भ्रष्टाचार छुपाओ रैली थी। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'मैच फिक्सिंग' के आरोप को लेकर भी राहुल गांधी पर पलटवार किया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, कुछ लोग मैच फिक्सिंग के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। वहीं, भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी विपक्ष की रैली पर हमला करते हुए कहा कि रामलीला मैदान ने एक बार अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत आंदोलन की मेजबानी की थी और अब यह भ्रष्टाचार में लिप्त हर आदमी के लिए एक रैली की मेजबानी कर रहा है।

लोकतंत्र बचाओ महारैली में विपक्ष ने दिखाई सियासी ताकत...

# BJP- पीएम मोदी पर प्रहार, किया संविधान को बचाने का आह्वान

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया ने रविवार को 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' का आयोजन कर अपनी ताकत दिखाई और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर सियासी हमला बोला। रैली में पांच सूत्री मांगें रखीं गई। विपक्षी नेताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए। निर्वाचन आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की जानी वाली कार्रवाई रोकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं।अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रैली में केजरीवाल का संदेश पढ़ा। उन्होंने पति केजरीवाल की छह गारंटी को रैली में घोषणा की।



### विपक्ष ने रखी 5 सूत्री मांग

- चुनाव आयोग को चुनाव में समान अधिकार सुनिश्चित करने चाहिए।
- चुनाव आयोग को एजेंसियों की कार्रवाई रोक जाए।
- अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को रिहा किया जाए।
- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इलेक्टोरल बांड की एक SIT बनाकर जांच हो।
- विपक्षी पार्टियों के जो अकाउंट फ्रीज किए गए हैं,वे तुरंत खोले जाएं।

### सोनिया गांधी समेत ये दिग्गज नेता मौजूद थे रैली में

इस रैली में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, शरद पवार, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला, सीताराम येचुरी, उद्धव ठाकरे व महबूबा मुफ्ती सहित कई नेताओं ने हिस्सा लिया। सोनिया गांधी ने भीड़ का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

### 'मैच फिक्सिंग' करना चाहते हैं प्रधानमंत्री: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी इस लोकसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश कर रहे हैं, ताकि भारी बहुमत से चुनाव जीतकर संविधान खत्म किया जा सके। राहुल ने लोगों का आह्वान किया कि वे इस 'मैच फिक्सिंग' को रोकने के लिए पूरी ताकत से मतदान करें, क्योंकि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। राहुल गांधी ने क्रिकेट की मैच फिक्सिंग का जिक्र करते हुए दावा किया, ये बिना मैच फिक्सिंग, बिना ईवीएम (छेड़छाड़) एवं सोशल मीडिया और प्रेस पर दबाव डाले बिना 180 पार नहीं होने जा रहे हैं।


### अहंकार चूर चूर हो जाता है: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्ता में बैठे अन्य लोगों को भगवान राम का यह संदेश याद रखना चाहिए कि सत्ता सदा नहीं रहती और अहंकार चूर-चूर हो जाता है। उन्होंने दावा किया, आज जो लोग सत्ता में हैं, वो अपने आपको रामभक्त कहते हैं। मुझे लगता है कि वो कर्मकांड में उलझ गए हैं और दिखावे में लिप्त हो गए हैं। इसलिए उन्हें यह याद दिलाना जरूरी है कि हजारों साल पुरानी गाथा क्या थी।

### केजरीवाल की छह गारंटी

- देशभर में बिजली कटौती नहीं होगी।
- देशभर में गरीबों के लिए बिजली मुफ्त होगी।
- हर गांव में एक अच्छा स्कूल होगा जहां समाज के सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।
- हर गांव में एक मोहल्ला क्लिनिक होगा और हर जिले में सरकारी मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल होगा।
- किसानों को स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार अच्छा न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा
- दिल्ली को हम राज्य का दर्जा दिलाएंगे। ये सभी गारंटी को सत्ता में आने के अगले पांच साल के भीतर ही पूरा करेंगे।

### भाजपा सबसे झूठी पार्टी: अखिलेश यादव



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा को ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी करार देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की 'थू-थू' हो रही है। उन्होंने यह सवाल भी किया कि अगर भाजपा को '400 पार' में इतना ही भरोसा है, तो वह इतनी घबराहट में क्यों नजर आ रही है? अगर ये (भाजपा) जांच एजेंसियों को आगे कर रहे हैं, तो 400 पार नहीं, 400 (सीट) हारने जा रहे हैं।

### विपक्षी दलों को एकजुट होकर लड़ना होगा: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर 'तानाशाही' के विचार में विश्वास करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जब तक प्रधानमंत्री मोदी और उनकी विचारधारा को सत्ता से नहीं हटाया जाएगा, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आ सकती। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने और लोकसभा चुनाव में जीत के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होकर लड़ना है। खरगे ने आरोप लगाया, मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते। वह तानाशाही के विचार वाले हैं।

### देश के लोकतंत्र व संविधान पर हमला: पवार



राकांपा(शरद पवार) के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि विपक्ष के नेताओं के खिलाफ जिस तरह से कार्रवाई हो रही है, वो देश के लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। हम लोगों के लिए सोचने का समय आ गया है। अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा, झारखंड के पूर्व सीएम सोरेन को जेल भेजा। इससे पहले दिल्ली, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के कई नेताओं को जेल भेजा गया। यह कार्रवाई संविधान पर हमला है।

### भाई को भाई से लड़वा रहे: तेजस्वी

राजद के नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर अघोषित आपातकाल लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' 'चाइनीज माल' वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने रैली' में एक फिल्मी गाने 'तुम तो धोखेबाज हो...' का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा, तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे...।

### अत्याचार नहीं चलेगा: सुनीता

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रैली में जेल से दिए अपने पति का संदेश पढ़ते हुए कहा कि भारत माता पीड़ा में हैं और यह अत्याचार नहीं चलेगा। । सुनीता कहा, 'आपके अपने केजरीवाल ने जेल से आपके लिए एक संदेश भेजा है। इस संदेश को पढ़ने से पहले, मैं आपसे कुछ पूछना चाहूंगी। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया, क्या प्रधानमंत्री ने सही काम किया?

पश्चिम बंगाल में सीएए नहीं होगा लागू...

# ममता ने दी चुनौती... 200 सीटें जीतकर तो दिखाए भाजपा

एजेंसी | कृष्णानगर



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य पर तंज कसते हुए उसे 200 सीट जीतने की चुनौती दी। उन्होंने यह भी कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को पश्चिम बंगाल में लागू होने नहीं देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए आवेदन न करने का अनुरोध किया। ममता ने रविवार को यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 200 से अधिक सीट लाने का आह्वान किया था, लेकिन उसे महज 77 पर रुकना पड़ा। उन्होंने कहा, सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का जाल है। हम पश्चिम बंगाल में न तो सीएए और न ही राष्ट्रीय नागरिक पंजी लागू होने देंगे। ममता ने पश्चिम बंगाल में भाजपा से हाथ मिलाने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों माकपा और कांग्रेस की आलोचना की।

### बंगाल में कोई इंडिया गठबंधन नहीं

उन्होंने टीएमसी प्रत्याशी महुआ मोइत्रा के समर्थन में कृष्णानगर में एक चुनावी रैली में कहा, पश्चिम बंगाल में कोई 'इंडिया' गठबंधन नहीं है। माकपा और कांग्रेस बंगाल में भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी सांसद महुआ मोइत्रा को बदनाम किया गया और उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया, क्योंकि वह भाजपा के खिलाफ मुखर थीं।

# 5 को जारी होगा कांग्रेस का घोषणापत्र: रमेश

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने पांच अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी करने की घोषणा की है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि हमने 16 मार्च को अपना पांच न्याय और पच्चीस गारंटी जारी की। देश भर में आठ करोड़ गारंटी कार्ड वितरित करने के लिए हम तीन अप्रैल से घर-घर गारंटी अभियान शुरू करेंगे। पांच अप्रैल को घोषणापत्र जारी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र राष्ट्रव्यापी विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है।

हमने अपने घोषणा पत्र में उन हजारों सुझावों को भी शामिल किया है, जो हमें ई-मेल और आवाज भारत की वेबसाइट के माध्यम से भेजे गए हैं। कांग्रेस का घोषणा पत्र जनता की आवाज को दर्शाता है।

### भाजपा पर किया कटाक्ष

रमेश ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा का घोषणापत्र केवल बक्सों पर टिक लगाने की एक प्रक्रिया मात्र है। इससे साबित होता है कि पार्टी कैसे जनता की अवमानना कर रही है। इससे यह साबित होता है कि कैसे भाजपा जनता की उम्मीदों को नजरअंदाज कर रही है। भाजपा आयकर नोटिस भेजकर कांग्रेस को परेशान करने की कोशिश में जुटी है, लेकिन कांग्रेस न तो डर रही है और न ही धीमी हो रही है। हम तैयार हैं, हम जीतेंगे।

महाराष्ट्र की चुनावी डायरी

# शरद पवार को राजनीतिक रूप से खत्म करने की साजिश: सुप्रिया सुले

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ महायुति यानी राजग और विपक्षी खेमा महा विकास अघाड़ी (एमवीए)अपने अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर रहे हैं जिससे सियासी संघर्ष की तस्वीर साफ होने लगी है। राज्य में सियासी व सामाजिक समीकरण साधने के लिए दोनों संगठन अपनी अपनी व्यूह रचना करने में लगे हैं। बारामती लोकसभा सीट पर शरद पवार के बीच चुनावी मुकाबला तय हो गया है। वहां शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले को उनकी भाभी व राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा



पवार टक्कर देने वाली हैं। इसको लेकर सुप्रिया सुले ने रविवार को भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाभी सुनेत्रा पवार को चुनाव में उतारना भाजपा की शरद पवार को राजनीतिक रूप से खत्म करने की साजिश है।

### चुनावी मुकाबले से सुनेत्रा के प्रति सम्मान कम नहीं होगा

सुप्रिया ने पत्रकारों से बात करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अंतर-पारिवारिक द्वंद्व सुनेत्रा पवार के प्रति उनके सम्मान को कम नहीं करेगा क्योंकि वह उनके बड़े भाई की पत्नी और एक मां की तरह हैं। उन्होंने कहा कि जो बीत गया उसे बीत जाने दो, लेकिन मेरे लिए मेरी भाभी, जिन्हें हम मराठी में 'वाहिनी' कहते हैं, मां के पद पर रहेंगी और उनके प्रति मेरा सम्मान पहले जैसा ही रहेगा।

### दलित संगठन भीमशक्ति आया एमवीए के समर्थन में

एमवीए को सीटों की संख्या पर सहमति नहीं बनने से प्रकाश अंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) का समर्थन तो नहीं मिल सका लेकिन एक अन्य दलित संगठन भीमशक्ति ने भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को अपना समर्थन दिया है। भीमशक्ति प्रमुख और राज्यसभा सदस्य चंद्रकांत हंडोरे ने चेंबूर में एक बैठक की। जिसमें एमवीए के समर्थन का फैसला किया गया। इस मौके पर हंडोरे ने कहा कि 400 के पार सीटों का नारा देकर भाजपा का स्पष्ट उद्देश्य बी आर अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को बदलना है। भाजपा 'हिंदू राष्ट्र' बनाने के आरएसएस के एजेंडे को हासिल करने के लिए काम करना चाहती है। हंडोरे ने कहा कि भीमशक्ति सभी एमवीए उम्मीदवारों का समर्थन करेगी और महाराष्ट्र में अधिकतम सीटों पर भाजपा-आरएसएस गठबंधन को हराने का प्रयास करेगी।

### दक्षिण राज्यों में भाजपा करेगी अच्छा प्रदर्शन,चखेगी जीत का स्वाद

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 370 सीटों के लक्ष्य पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि मौजूदा 288 सीटों से अतिरिक्त सीटें दक्षिण भारत में बढ़त से मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में कड़ी मेहनत की है। इस बार हम दक्षिण में सफलता का स्वाद चखेंगे। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में अच्छे प्रदर्शन के दम पर जीत हासिल करेंगे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार गडकरी ने यह भी कहा कि बीते दस सालों में भाजपा ने अपने काम से लोगों का दिल जीता है। इस बार चुनाव में राजग 400 सीटें पार करेगा।

गडकरी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। दरअसल विपक्षी गठबंधन इंडिया ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने विपक्ष को कमजोर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों को खुली छूट दे रही है।

## जरूरी खबर

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ FIR दर्ज



**रांची।** झारखंड के देवघर में धोखाधड़ी से मेडिकल कॉलेज को हड़पने के आरोप में भाजपा के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, निशिकांत दुबे ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ लगाए गए थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि शिव दत्त शर्मा नामक व्यक्ति ने भाजपा सांसद और उनकी पत्नी समेत अन्य लोगों के खिलाफ जिले की पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। दुबे और उनकी पत्नी ने अपने ट्रस्ट बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के जरिए उनके संस्थान परिट्रान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों का दुरुपयोग करके नीलामी के माध्यम से उनके अस्पताल को हड़प लिया।

### आकाश मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** सेना की पश्चिमी कमान ने रविवार को सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। सेना ने मिसाइल परीक्षण का एक वीडियो भी जारी किया है। आकाश एक शॉर्ट रेंज वाली सर्फेस टू एयर यानी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इस परीक्षण के बाद जाहिर तौर पर चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ने वाली है।आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने बनाया है।

### यूपी मदरसा एक्ट रद्द करने के आदेश को SC में चुनौती



**नई दिल्ली।** यूपी मदरसा एक्ट रद्द करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले में हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट का आदेश रद्द करने की मांग की गई है। अंजुम कादरी ने वकील प्रदीप यादव और संजीव मल्होत्रा के जरिये दाखिल की गई विशेष अनुमति याचिका में कहा है कि हाई कोर्ट का आदेश गलत है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने गत 22 मार्च को यूपी बोर्ड आफ मदरसा एजूकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक ठहरा दिया था।

## यह पल हैं बहुत खास





*नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित होने की तस्वीरें शेयर कीं। मोदी ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा- आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित होते देखना बहुत खास था।*

### अधिकारियों ने ली KCR के वाहन की तलाशी



**हैदराबाद।** निर्वाचन अधिकारियों ने चुनावी ड्यूटी के तहत रविवार को उस बस की तलाशी ली, जिसमें तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव यात्रा कर रहे थे। राव बस में राज्य के सूर्यापेट जिले की ओर जा रहे थे। तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा, जिसके लिए वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है। बीआरएस के सूत्रों के मुताबिक, के. चंद्रशेखर राव अपने दौरे के तहत कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए सूर्यापेट जा रहे थे। एडुलापर्रे टांडा चेक पोस्ट पर वाहन की जांच की गई। **बीआरएस को झटकाः** दूसरी ओर, बीआरएस के मौजूदा विधायक व पूर्व मंत्री के. श्रीहरि और उनकी बेटी के. काव्या रविवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी उपस्थित रहे।

## मेरठ में रैली से पीएम मोदी ने साधे पश्चिम यूपी के सियासी समीकरण

# भ्रष्टाचारी कितना भी बड़ा क्यों न हो, कार्रवाई होगी:PM मोदी

**एजेंसी** | मेरठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि देश कांग्रेस और उसके साथियों के रवैये की कीमत आज तक चुका रहा है। उन्हों ने कांग्रेस पर चौधरी चरण सिंह का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को सौंपे जाने पर भी सवाल उठाया और कांग्रेस को घेरा।



प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को देश में सर्वाधिक 80 लोकसभा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में मेरठ में एक रैली को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने इस रैली से भाजपा के चुनाव अभियान का शंखनाद किया। पीएम मोदी रैली में करीब 45 मिनट तक जमकर गरजे और विपक्षी गठबंधन पर खूब निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही पड़ेगा। हमारी सरकार में बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हैं।

उन्हें सुप्रीम कोर्ट तक से जमानत नहीं मिल रही है और कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### कांग्रेस ने चरण सिंह का नहीं किया सम्मान

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी चौधरी चरण सिंह का सम्मान नहीं किया। जब रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी सदन में बोलने के लिए खड़े हुए तो उनकी आवाज दबाने की कोशिश की गई, उन्हें अपमानित किया गया। मैं मानता हूं कि ऐसे लोगों को उनके क्षेत्र के घर-घर में जाकर माफी मांगनी चाहिए। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। हमारी सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का काम किया है।

### यह चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2024 का यह चुनाव फिर एक सरकार बनाने का चुनाव नहीं है? कौन सांसद बने? कौन न बने? इसका चुनाव नहीं है। 2024 का चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए है। यह चुनाव भारत को दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएगा। उनकी सरकार ने अभी से तीसरे कार्यकाल का रोडमैप तैयार कर लिया है और 100 दिनों की योजना बनाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबको असंभव लगता था कि अयोध्या में राम मंदिर बनेगा। इसके साथ ही तीन तलाक, महिला आरक्षण, धारा 370, वन रैंक वन पेंशन, जैसे मुद्दे भी सबको असंभव लगते थे।

## कांग्रेस ने कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को दिया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने भारत के रामेश्वरम के पास मौजूद कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था। हर भारतीय इससे नाराज है और यह तय हो गया है कि कांग्रेस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

पीएम मोदी ने कच्चाथीवू पर एक आरटीआई रिपोर्ट का हवाला देकर सोशल मीडिया पर यह बात कही। इस आरटीआई रिपोर्ट में बताया गया है कि 1974 में इंदिरा गांधी की सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को भेंट कर दिया था।



फाइल फोटो

प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि कांग्रेस पिछले 75 साल से भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने का काम करती आ रही है। ज्ञात हो कि तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के.अन्नामलाई ने कच्चाथीवू के बारे में जानकारी को लेकर आरटीआई दायर की थी। इसमें लिखा है कि साल 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चाथीवू द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, इंदिरा ने तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह समझौता किया था। 1974 में इंदिरा गांधी की सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया था।

### चुनाव के चलते उठाया कच्चाथीवू मुद्दा: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु को ध्यान में रखकर कच्चाथीवू द्वीप का मुद्दा उठाया, भूटान और मालदीव जैसे मित्रवत पड़ोसियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आप अपने कुशासन के 10वें वर्ष में क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर अचानक जाग गए हैं।

## अचानक बदला मौसम

# पूर्वोत्तर में भारी बारिश व तूफान से जबर्दस्त नुकसान, 4 लोग मरे



### बारिश से गुवाहाटी हवाई अड्डे पर भरा पानी

**एजेंसी** | गुवाहाटी/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में अचानक हुई तेज बारिश-तूफान और ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। असम में गुवाहाटी में स्थित गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भी पानी भर गया है। एयरपोर्ट के अंदर आई बाढ़ के कारण वहां दीवारों, छतों को भारी नुकसान पहुंचा है।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए। गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बारे में वहां के सीएओ उत्पल बरुआ ने बताया कि भारी बारिश और तूफान के कारण एक पेड़ उखड़ गया है, जिसे टर्मिनल तक लोगों और ईंधन की आपूर्ति में बाधा आई है। इसके अलावा, मौसम की बदली दशाओं के कारण कुछ देर के लिए परिचालन को भी रोकना पड़ा। बारिश और तूफान के कारण फोरकोर्ट एरिया में छत का एक हिस्सा भी टूट गया।

त्रिपुरा में भी तूफान से भारी नुकसान हुआ है। खबर लिखे जाने तक 616 से अधिक घरों को नुकसान की जानकारी मिली। तूफान से त्रिपुरा के सिपाहीजला जिला सबसे अधिक प्रभावित हुआ है।

मिजोरम में भी तूफान का असर देखने को मिला। .यहां पर तेज हवा के कारण भारी नुकसान का अनुमान है। हालांकि, इसमें किसी के हताहत की खबर नहीं है।

### जलपाईगुड़ी में भी हाल बेहाल, कई घर क्षतिग्रस्त हुए

वहीं, उत्तरी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में भी बारिश और तूफान ने कहर बरपाया। अधिकारियों बताया कि जिला मुख्यालय शहर के अधिकांश हिस्सों और पड़ोसी मैनागुरी के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में राजारहाट, बरनीश, बकाली, जोरपाकडी, माधबडांगा और सप्तीबारी शामिल हैं।

## बांग्लादेश में चीनी मदद से सबमरीन बेस बनकर तैयार

# बंगाल की खाड़ी में चीनी हलचल से बढ़ेगी भारत की चिंता

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ ढाका।

बांग्लादेश में चीनी मदद से बन रहा सबमरीन बेस का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसका खुलासा हाल में ही आई एक सैटेलाइट तस्वीर से हुआ है। तस्वीर में बांग्लादेशी सबमरीन बेस में एक सूखी गोदी भी नजर आ रही है, जहां पनडुब्बी की मरम्मत का काम किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार इस बेस के जरिए चीन भारतीय नौसेना की जासूसी कर सकता है।

चीन की चाहत किसी न किसी तरह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी को बनाए रखना है। ऐसे में वह भारत के ऊपर दबाव डालने की रणनीति अपना सकता है। ज्ञात रहे कि चीन मालदीव के साथ भी सैन्य संबंध मजबूत कर रहा है और हाल ही में उसने अपना एक जासूसी जहाज मालदीव भेजा थाप इस सूखी गोदी की लंबाई लगभग 135 मीटर और चौड़ाई 30 मीटर है। इसके अलावा सबमरीन बेस पर फ्यूल, ऑयल और लुब्रीकेंट डिपो, अंदर और बाहर पनडुब्बियों को डॉक करने के लिए तैयार पियर भी दिखाई दे रहे हैं।



फाइल फोटो

### क्या है भारत की चिंता

बंगाल की खाड़ी में स्थित यह बेस आपातकाल में पनडुब्बियों की सुरक्षित और तेज आवाजाही में भी मदद करेगा। इसे भारत के लिए खतरे के तौर पर देखा जा रहा है।

- **बांग्लादेश ने चीन से खरीदी थी दो पनडुब्बी**
- **पनडुब्बियों की हो सकेगी मरम्मत**

### चीन को बांग्लादेश में मिल सकता है नया ठिकाना

बांग्लादेश के कॉक्स बाजार के पेकुआ में बन रहे इस सबमरीन बेस का नाम बीएनएस शेख हसीना है। यह बेस 1.75 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका निर्माण 2020 में शुरू हुआ। बेस का उद्घाटन मार्च 2023 में पीएम शेख हसीना ने किया था, जिसमें चीनी नौसेना के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था। इस सबमरीन बेस का आकार बता रहा है कि पीएलए-नौसेना जल्द ही बेस तक लॉजिस्टिक पहुंच हासिल कर लेगी। दूसरे शब्दों में, चीनी पनडुब्बियां अपग्रेडेशन और सर्विसिंग के लिए बांग्लादेश बंदरगाह पर आएंगी और डॉक करेंगी। चीन ने बांग्लादेश नौसेना को दो पनडुब्बियां भी दी हैं। विशेषज्ञ इसे चीन की ' 'पनडुब्बी कूटनीति बता रहे हैं।

### बेस पर एक बार में छह पनडुब्बी और युद्धपोत हो सकते हैं तैनात

1.21 अरब डॉलर की लागत से बने बांग्लादेश के इस सबमरीन बेस में एक बार में छह पनडुब्बियों और आठ युद्धपोतों को तैनात किया जा सकता है। नवंबर 2016 में बांग्लादेश ने चीन से मिंग क्लास की जिन दो पनडुब्बयों को खरीदा था, उनके नाम बीएनएस नवजात्र और बीएनएस जॉयजात्रा रखा है। इन पनडुब्बियों के आने से बांग्लादेशी नौसेना को आसमान, सतह और पानी के भीतर ऑपरेशन को अंजाम देने की क्षमता प्राप्त हुई हैं। दोनों पनडुब्बियां टाइप 035G क्लास की हैं।

### मिलकर जांच लाल रेखा नहीं करें पार:अमेरिका

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश को लेकर तनाव बरकरार है। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने स्वीकार किया है कि भारत और अमेरिका पन्नू की कथित हत्या की साजिश मामले की जांच में मिलकर काम कर रहे हैं। गार्सेटी ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच लाल रेखा को पार नहीं किया जाना चाहिए। खालिस्तानियों के विरोध प्रदर्शन और पन्नू की धमकियों पर सवालों का जवाब देते हुए एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी प्रणाली अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की हर हाल में रक्षा करती है और वह बेहतर या बदतर कुछ भी हो सकता है।

## DMIU की क्राउनिंग सेरेमनी में पांच ब्यूटी कॉन्टेस्ट की घोषणा

# ताज सजा तो आंखों से छलकी खुशी

**बेधड़क.जयपुर।** वर्षों की मेहनत के बाद जब सिर पर ताज सजा तो आंखों में चमक और खुशी के आंसू बह निकले। सामने बैठे साथियों ने भी विनर्स का उत्साह हूटिंग और तालियों से बढ़ाया तो वे झूम उठे। हर कोई ताज को चूम रहा था। नजारा था मिसेज इण्डिया यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन दीवालिशियस ग्रुप की ओर से होटल ग्रैंड उनियारा में इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट 'दीवालिशियस मिसेज इण्डिया यूनिवर्स-2024' के विनिंग पार्टिसिपेंट्स की क्राउनिंग सेरेमनी का। कार्यक्रम में दीवालिशियस मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन की ओर से 5 इंटरनेशनल लेवल की नई सौंदर्य प्रतियोगिताओं की घोषणा भी की गई। दीवालिशियस मिसेज इण्डिया यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन के सीईओ नरेश मदान ने बताया कि सेलिब्रिटी कोरियोग्राफर संदीप धर्मा के डायरेक्शन में हुए कार्यक्रम में क्राउनिंग के साथ आगामी 5 सौंदर्य प्रतियोगिताओं दीवालिशियस मिसेज यूनिवर्स इंटरनेशनल, मिसेज हेरिटेज वर्ल्ड इण्डिया, मिसेज इण्डिया वर्ल्ड, एलीट मिसेज इण्डिया और दीवालिशियस सुपर मॉडल ऑफ द ईयर की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की गई।



### टाइटल्स के अनुसार पहनाए गए क्राउन

दीवालिशियस मिसेज इण्डिया यूनिवर्स 2024 की फाइनलिस्ट के तौर पर केरल की डॉ. श्यामा हलीम को मिसेज यूनिवर्स इंटरनेशनल का ब्रांड एम्बेसेडर, जैसलमेर की ज्योति चौहान को दीवालिशियस मिसेज इण्डिया यूनिवर्स इंटरनेशनल व एलीट मिसेज इण्डिया का ब्रांड एंबेसेडर, अंजना हांडू को दीवालिशियस मिसेज हेरिटेज वर्ल्ड इण्डिया, सुनीता नरेश को दीवालिशियस मिसेज इण्डिया यूनिवर्स अर्थ, न्यामिया रुत को दीवालिशियस मिसेज इण्डिया यूनिवर्स वर्ल्ड, गीता सागर को मिसेज इन्डिया यूनिवर्स ग्लोबल, मुंबई की पूनम दलवाड़ी को मिसेज इण्डिया यूनिवर्स यूनिवर्सल, डॉ. अलका गौड़ को मिसेज इण्डिया यूनिवर्स वर्ल्ड और जिया अवस्थी को दीवालिशियस सुपर मॉडल ऑफ द ईयर के टाइटल्स से नवाजा गया। सभी को टाइटल्स के अनुसार क्राउन व शैश पहनाकर ट्रॉफी और गिफ्ट हैंपर्स भेंट किए गए।



### ये रहे मौजूद

गौरव प्रताप सिंह के अनुसार क्राउनिंग सेरेमनी में भाजपा राजस्थान पूर्व अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी चीफ गेस्ट थे, वहीं पूर्व आईपीएस लक्ष्मण गौड़, अनिला चौरड़िया, हिमांशी मानसिंघानी, डॉ. शोभा तोमर, जेडी माहेश्वरी, पवन गोयल, संजय सरदाना, पृथ्वीपाल सिंह, कमल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### लाइव बैंड ने बांधा समां

क्राउनिंग सेरेमनी में लाइव बैंड एंड डांस ट्रूप की परफॉर्मेंस ने आयोजन को खास बनाया। इस दौरान परफॉमर्स ने कई खास धुनों से फैशन और ब्यूटी पेजेंट एक्सपर्ट को रोमांचित किया। इस मौके पर शहर के ब्यूटी विशेषज्ञ मौजूद रहे, जिन्होंने इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

## सिंधु मेले में भक्ति से लिया हिस्सा




**बेधड़क. जयपुर।** चेटीचंड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर के तत्वावधान में विराट सिंधु मेले का आयोजन किया गया। अध्यक्ष अशोक सेवानी ने बताया, कि अमरापुर के संत मोनू रामजी और संत मंडली द्वारा धर्मध्वजा फहरा कर मेले की शुरुआत हुई। मेला उप संयोजक हितेश आडवाणी ने बताया, कि खैरथल की दीपक लखवानी और पार्टी ने लाल जो दीवानों असां पहिंजो साईं गोल्हे खंयो आहे..., चेटीचंड असांजे लाल जो आहे..., जोत अंदर तुहिंजी बरे... गाकर श्रद्धालुओं को झुमाया। तुलसी संगतानी ने बताया, कि मेले में श्री राम दरबार की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी। भगवान श्री झूलेलाल के मनोहारी मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। सिंधु नदी की झांकी पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। बच्चों ने रंग भरो प्रतियोगिता में भाग लिया।

## 'ऐ मोहब्बत जिंदाबाद' 7 को

**बेधड़क. जयपुर।** शहर में 7 अप्रैल को बॉलीवुड के गोल्डन एरा सत्तर और नब्बे के दशक के सुपर हिट गीतों का कार्यक्रम 'ऐ मोहब्बत जिंदाबाद' आयोजित किया जाएगा। महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में मोहन कुमार बालोदिया के निर्देशन में 15 कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में मोहन कुमार बालोदिया, नागेश भटनागर, राजीव माथुर, राजीव सक्सेना, विशाल शर्मा, रणवीर सिंह, संजय भटनागर, सतीश शर्मा, गणेश सुथार, हनुमान शर्मा, बेला माथुर, मनीषा जैन, विधि आचार्य और निकिता लालवानी प्रस्तुति देंगे।

## पारंपरिक चित्रकला के गुर सीखे



**बेधड़क. जयपुर।** रंगरीत संस्था द्वारा भारतीय पारंपरिक चित्रकला का प्रशिक्षण देने के लिए 7 दिवसीय नि:शुल्क वर्कशॉप देश-विदेश से 50 से अधिक कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। चित्रकार रामू रामदेव ने बताया कि वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को राजस्थान की जयपुर शैली पर आधारित चित्र बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही पारंपरिक कला की बारीकियों और विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए प्राचीन तकनीक से अवगत कराया जाएगा। वर्कशॉप की शुरुआत में रामदेव ने पारंपरिक चित्रा कला को सीखने के छह सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। इसमें ध्यान, प्राणायाम, मौन व्रत, बाल मन, गुरु के प्रति समर्पण, अहंकार रहित, सिद्धान्तों का पालन कर मौलिक चित्र बनाने पर बल दिया। इसके बाद राजसी महिला के चित्र के माध्यम से जयपुर शैली की चित्रकला का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। किस प्रकार चित्र में महिला की वेशभूषा और आभूषण जयपुर शैली की पारंपरिक विशेषताओं को दर्शाते हैं।

## City इवेंट्स

### भागवत ही भगवान प्राप्ति है : आचार्य



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण ही सांसारिक उलझनों से मुक्त कर भगवान की शरण में जाने का सुगम मार्ग है। यह बात आचार्य रमेश शास्त्री ने संत शुकदेवदास स्मृति महोत्सव के अंतर्गत रविवार को दूसरे दिन की कथा में कही। शास्त्री ने द्रोपदी की व्यथा, विधुर का भगवतप्रेम, भीष्म का समर्पण सहित कई प्रसंग सुनाए। इस बीच प्रदेश के कई स्थानों से आए संत कमलदास, संत अयोध्यादास, निलेश कोतवाल आदि ने शुकदेवदास महाराज की प्रतिमा को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। निंबार्क संत आश्रम के महंत सर्वेश्वर शरण महाराज ने सभी संतों का उचित सम्मान किया।

### अहिंसा रन में दौड़े जयपुराइट्स



**बेधड़क. जयपुर।** अहिंसा व शांति का सन्देश देने के लिए 'जीतो अहिंसा रन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्डी कृष्णा नागर ने 'जीतो अहिंसा रन' में रनर्स का हौसला बढ़ाया। शुरुआत में BMCH रिसर्च सेंटर के अनिला कोठारी ने सुबह 6:30 बजे श्री महावीर दिगंबर जैन विद्यालय से फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर जीतो नेशनल लेडीज विंग की वाइस चेयरपर्सन नीता बूचरा, जोन वाइस चेयरमैन अरुण कुमार, जयपुर चैप्टर चेयरमैन नितिन जैन, डायरेक्टर विमल सिंघवी, सचिव राजीव पालावत, जीतो अहिंसा रन एडवाइजर देवेंद्र अजमेरा आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ जयपुर पहुंचा



**बेधड़क. जयपुर।** भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का जयपुर के तारों की कूट सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पदार्पण हुआ। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष नवीन जैन व मंत्री धनेश सेठी के नेतृत्व में सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रथ की अगवानी की गई। धर्म सभा का आयोजन किया, जिसमें मुख्य पात्रों में नाभिराय-मिथिलेश सोगानी सौधर्म इन्द्र, अरुण-सीमा बाकलीवाल कुबेर इन्द्र, रमेश-विनिता लुहाड़िया ने पालना झुलाई तथा विमल-स्नेहलता छाबड़ा ने आरती का पुण्यार्जन किया। मंदिर समिति की ओर से पं. अकलंक जैन शास्त्री व राजस्थान प्रांत के संयोजक उदयभान जैन का तिलक माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## रवींद्र मंच पर नाटक शहीद भगत सिंह का मंचन

# भगत सिंह के जीवन के अनछुए पहलुओं से दर्शकों की आंखें नम



**बेधड़क | जयपुर**

दिल्ली असेम्बली में किए गए बम कांड और उसकी अदालत में सुनवाई के दृश्यों ने भगत सिंह के जीवन की नई परतों को खोलकर रख दिया। साथ ही भगत सिंह के कुछ अनछूए अंदरूनी पहलुओं को इतने मार्मिक ढंग से दिखाया गया कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं।

मौका था केशव गुप्ता के निर्देशन में कला, संस्कृति व पुरातत्व विभागके सहयोग से कार्यशाला में तैयार नाटक शहीद भगत सिंह के मंचन का। रवींद्र मंच पर हुए नाटक में सरकारी वकील के द्वारा भगत सिंह और उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए जाना और भगत सिंह और साथियों के द्वारा बेबाकी से आरोपों को गलत साबित करना अभिन्न अंग रहा।

सरकारी वकील अदालत में साबित करना चाहता है कि भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने असेम्बली मे बम इसलिए फैंके, ताकि वो असेम्बली के सदस्यों और सरकार को डरा सके, किन्तु भगत सिंह इस आरोप को खारिज कर देता है। उनका उद्देश्य सिर्फ जनता के दुख दर्द की आवाज को सरकार तक पहुंचाना था। नाटक के दूसरे भाग में जेलर और सुपरिटेंडेंट के वार्तालाप और भगत सिंह द्वारा लिखे गए पत्रों को दर्शाया गया। नाटक में भगत सिंह-सागर शर्मा, बटुकेश्वर दत्त व राजगुरू-निखिल कुमार, जज-प्रानजीत मुखर्जी रहे।

## दो दिवसीय चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल का समापन

# JKK में फेस्टिवल ने बूस्ट किया बच्चों का क्रिएटिविटी लेवल



**बेधड़क | जयपुर**

'इतनी रंगों भरी इनकी दुनिया है क्यों, सोचो तो-सोचो ना', जवाहर कला केन्द्र में कला संसार में आयोजित दो दिवसीय बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल में पेरेंट्स को बच्चों की सतरंगी दुनिया से जुड़े इस सवाल का हल मिल गया। बच्चों की क्रिएटिविटी को बूस्ट करने वाले बुकरू फेस्टिवल का समापन हुआ। बच्चों ने दो दिन स्टोरी टेलिंग, वर्कशॉप, नाटक, डूडल वॉल, क्रॉफ्ट मेकिंग समेत अन्य रचनात्मक गतिविधियों के सेशन में हिस्सा लिया। सेशन बच्चों की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। बुकरू में देश भर के 27 एक्सपर्ट्स ने 50 सेशन लिए। बच्चों में एक भरपूर उत्साह देखने को मिला। कहानी कुंड में कमल काबुलीवाला, शिवानी कानोडिया, विक्रमजीत सिंह रूपराई, दीपा किरण, स्वेचा प्रसाद और अभिषेक मुद्गल ने अलग-अलग कहानियां सुनाईं। स्टूडियो में गायत्री, नंदनी नैय्यर, वसुंधरा बहुगुणा, लिकला और ऑडिटोरियम में ममता नैनी, दीपा अग्रवाल ने सेशन लिए। अभिषेक मुद्गल के निर्देशन में हुए नाटक तिन तिगाड़ा काम बिगाड़ा ने खूब गुदगुदाया। क्राफ्ट कॉर्नर में श्रुति हेमानी ने बच्चों को भावनाओं की अभिव्यक्ति के विषय में बताया। केन्द्र की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कहा कि कला संसार में होने वाली साहित्यिक गतिविधियां कला प्रेमियों को हर बार नए अनुभव देती है।

**मिस राजस्थान-2024** 26वे संस्करण के ताज के लिए ऑडिशन शुरू

# बेटियों के ख्वाबों को उड़ान देने घूंघट में पहुंची माएं

**बेधड़क | जयपुर**

फ्यूजन ग्रुप द्वारा व प्राइम सफारी के सहयोग से आयोजित मिस राजस्थान के 26वे संस्करण के ताज के लिए दौड़ पहले ऑडिशन से शुरू हुई, जिसमें राजस्थान के कोने-कोने से आई गर्ल्स ने हिस्सा लिया।

हर लड़की के मन में अपने ख्वाबों को पूरा करने का अलग ही उत्साह नजर आया। कोई अपनी मां के साथ थी तो कोई अपने पिता और भाई के साथ जयपुर में ख्वाबों को पूरा करने पहुंची।




### 60 गर्ल्स की गई शॉर्ट लिस्ट

इसके बाद इंटरव्यू राउंड में 60 गर्ल्स को शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा। सभी गर्ल्स में से 28 फाइनलिस्ट को ग्रैंड फिनाले के लिए ग्रूम और मेकओवर किया जाएगा और ग्रैंड फिनाले में मिस राजस्थान-2024 का ताज पहनाया जाएगा। जयपुर के पहले ऑडिशन में आर्य ग्रुप ऑफ कॉलेज से डॉ. अरविंद अग्रवाल, रूवी डिजिटल आलोक शर्मा, सफारी ग्रुप से पवन गोयल, जयपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष गोयल, जे. डी. माहेश्वरी, गोल्डन डिवाइन से अंशुल जैन, हेल्थ एंड वेलनेस कोच रंजीता आदि मौजूद रहे।

### बेटियां किसी से कम नहीं

राजस्थान भर से पहुंची गर्ल्स की कुछ मां घूंघट में थी, जो बेटियों को सपोर्ट करने आई थी। उनका कहना था कि हम तो अपने ख्वाबों को नहीं जी पाई, लेकिन बेटियों को कही पीछे नहीं रहने देंगी। हमारी बेटियां किसी से कम नहीं हैं। मिस राजस्थान के आयोजक योगेश व निमिषा मिश्रा ने बताया कि फ्यूजन ग्रुप द्वारा आयोजित ब्यूटी पेजेंट के 26वें संस्करण के पहले ऑडिशन का आयोजन गोपालपुरा बाईपास पर स्थित होटल प्राइम सफारी में किया गया। 5000 से ज्यादा गर्ल्स ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया और दावेदारी पेश की।

### ये था जूरी पैनल

आंचल बोहरा, तरुषि राय, वैष्णवी शर्मा, सेजल शर्मा, आकांक्षा चौधरी, ओरजाला, पल्लवी जोशी, यशिका शेखावत, अदिति शर्मा, सुहानी खुंटेता, मुस्कान शर्मा, लक्षिता राठौर, भारती कुमावत, रुशाली वर्मा और अंशिका चौधरी।

भविष्य उन्हीं लोगों का है जो अपने सपनों की सुंदरता में यक़ीन करते हैं।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर बढ़ा इस्तीफे का दबाव

# बंधकों की रिहाई की मांग तेल अवीव में प्रदर्शन

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल-हमास युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली पुलिस ने तेल अवीव में 16 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, हमास की कैद से बंधकों की रिहाई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। पुलिस ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों को ट्रैफिक में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर 270 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस ने बयान में कहा कि बड़ी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने आग लगाकर, पुलिस बैरिकेड को तोड़कर कानून व्यवस्था को बाधित किया। इसके साथ ही सड़कों को बंद करने और पुलिस अधिकारियों के साथ झड़प भी की। इस मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उन पर जुर्माना भी लगाया गया है।



### पुलिस ने वाटर कैनन का किया इस्तेमाल

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पुलिस ने तेल अवीव में अयालोन राजमार्ग पर मौजूद प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। साथ ही मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया, जिसे पुलिस वाहन में ले जाया गया।

### 7 अक्टूबर को किया था इजराइल पर हमला

बता दें कि बीते साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर आतंकवादी हमला किया था। इस दौरान 1200 से अधिक लोग मारे गए थे और हमास ने लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। हालांकि, बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बढ़ गया है। उनके इस्तीफे की मांग को लेकर देश भर में कई विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।



### तुर्की सीमा के पास सीरियाई शहर में धमाका

# कार में विस्फोट, 8 मरे

## घटना के वक्त बाजार में रमजान की खरीदारी कर रहे थे लोग

**एजेंसी** | कीव

तुर्की सीमा के पास विद्रोहियों के कब्जे वाले सीरियाई शहर अजाज में एक भीड़-भाड़ वाले बाजार में शनिवार को एक कार विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और तीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह विस्फोट मुस्लिम महीने रमजान के दौरान रोजा खोलने के बाद देर रात खरीदारी के दौरान हुआ।

लोग इफ्तार के बाद बाजार में खरीदारी के लिए निकले थे, तभी विस्फोट हुए और 8 लोगों की मौत हो गई। घटना स्थल के पास अपने परिवार के साथ खरीदारी कर रहे यासीन शलाबी ने कहा, विस्फोट के वक्त बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ थी। किसी संगठन ने अब तक इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस शहर में काफी समय से इस तरह की घटना नहीं हुई थी। विस्फोट में घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मुख्य रूप से अरब आबादी वाले विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर-पश्चिम में निवासियों और विद्रोहियों को लंबे समय से कुर्द नेतृत्व वाले वाईपीजी पर संदेह है।

ये उत्तर-पूर्व सीरिया और उत्तरी सीरिया में यूफ्रेट्स के पूर्व में बड़े पैमाने पर क्षेत्रों को नियंत्रित करते हैं। अन्य लोग असद के प्रति वफादार समूहों को दोषी मानते हैं। वाईपीजी ने ऐसे दावों का खंडन किया है।निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। ऑब्जर्वेटरी की तरफ से जानकारी दी गई है कि विस्फोट स्थल पर कई एम्बुलेंस और बचावकर्मी मौजूद थे। ब्रिटेन स्थित ऑब्जर्वेटरी के पास सीरिया के अंदर एक पूरा नेटवर्क है।

### इंडोनेशिया की आर्मी फैसिलटी में ब्लास्ट

इंडोनेशियाई फायर फाइटर्स कोल राजधानी के ठीक बाहर एक सैन्य गोला-बारूद फैसिलिटी में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। घटना शनिवार की है और आग लगने के कारण यहां सिलसिलेवार विस्फोट हुए और रात के आकाश में धुएं के बादल छा गए। घटना में किसी के मरने की खबर नहीं है। सैन्य अधिकारी मोहम्मद हसन ने कहा, आग फैसलिटी के एक हिस्से में लगी थी। हसन ने जकार्ता के बाहरी इलाके बेकासी में घटनास्थल के पास एक पत्रकार वार्ता में कहा, "हमने जगह और उसके पूरे दायरे की जांच शुरू कर दी है।

### भीषण हमलों से दहला यूक्रेन

**कीव**। युद्ध के बीच रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाया है। रूस ने यूक्रेन पर रात भर 16 मिसाइल दागी हैं। इसके अलावा 11 ड्रोन हमले भी किए हैं। यूक्रेन ने नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराने का दावा किया है। बीते एक सप्ताह के दौरान रूस के हवाई हमले की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखने को मिली है।

### द्विपक्षीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास का समापन

# भारत-अमेरिका ने किया युद्धाभ्यास

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास का समापन हो गया है।

30 मार्च 2024 को यूएसएस समरसेट पर टाइगर ट्रायम्फ 2024 का समापन समरोह आयोजित किया गया। ये अभ्यास दोनों देशों के लिए एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी का हिस्सा है। चीन को रोकने के लिए भारत और अमेरिका दोनों ही कोशिश कर रहें हैं।

इसलिए ये दोनों देशों का युद्धाभ्यास इसी कड़ी में देखा जाना चाहिए। समुद्री चरण 26 से 30 मार्च तक आयोजित किया गया था। इसका आज समापन हो गया है।

इससे पहले हार्बर चरण 18 से 25 मार्च तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था। इसमें प्री-सेल चर्चा, खेल कार्यक्रम, जहाज बोर्डिंग अभ्यास और क्रॉस डेक दौरे शामिल थे।

### संयुक्त राष्ट्र ने बताई अफगानिस्तान की सच्चाई

# तालिबान राज में भर पेट खाना भी नहीं!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने अफगानिस्तान की एक भयानक तस्वीर सामने रखी। जहां तालिबान राज में महिलाओं और बच्चों को भर पेट खाना भी नहीं मिल पा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि अफगानिस्तान में बच्चों और महिलाओं में कुपोषण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि इस साल तीन मिलियन बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। वहीं 12 लाख से ज्यादा महिलाएं फिलहाल कुपोषण से जूझ रही है। अफगानिस्तान में कुपोषण के ये बढ़ते आंकड़े खतरे के निशान को पार कर रहे हैं। जिसके चलते डब्ल्यूएफपी कई कदम उठा रहा है। डब्ल्यूएफपी के द्वारा पूरे देश में बच्चों के लिए 2, 700 स्पेशल क्लीनिक चलाए जा रहे हैं।



### 80 हजार महिलाएं कुपोषण का शिकार

डब्ल्यूएफपी कुपोषण के इन बढ़ते आंकड़ों पर कहता है कि पिछले साल, देश भर में लगभग 80 हजार गर्भवती और बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाएं कुपोषण से पीड़ित थी। वही रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात ये बताई गई है कि यह आंकड़ा बढ़ कर लगभग दो मिलियन तक पहुंच गया है। डब्ल्यूएफपी ने कहा कि इस साल ये तादाद और बढ़ने के संकेत है।

डब्ल्यूएफपी लगातार देश में बढ़ रहे कुपोषण को रोकने की कोशिश कर रहा है। इस साल कुपोषण से तीन मिलियन बच्चे प्रभावित हो सकते हैं।

### 23 मिलियन को मदद की जरूरत

रिपोर्ट में कहा गया है कि डब्ल्यूएफपी देश में सहायता बढ़ाने की लगातार कोशिश कर रहा है, जिसका मकसद लगभग छह मिलियन इस परेशानी से जूझ रहे लोगों की मदद करना है। रिपोर्ट में मोना शेख ने देश में बढ़ रहे कुपोषण की वजह बताई, उन्होनें जानकारी दी कि कुपोषण के आंकड़ों के बढ़ने की वजह परिवारों के सामने आने वाले वित्तीय संकट है, जिसकी वजह से उनको भरपूर खान-पान नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने संकेत दिए कि इस साल अफगानिस्तान में 23 मिलियन से ज्यादा लोगों को फौरन मानवीय सहायता की जरूरत है।

### आर्थिक तंगी से पाकिस्तान के हाल बेहाल

# कार्यक्रमों में नहीं होगा रेड कार्पेट का इस्तेमाल

**एजेंसी** | इस्लामाबाद



पाकिस्तान की आर्थिक तंगी किसी से छिपी नहीं है। आए दिन अपनी गरीबी का दुख सुनाकर आईएमएफ के सामने हाथ फैला देता है। अब पड़ोसी देश के इतने बुरे दिन आ गए है कि उसने सरकारी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए यह कदम उठाया है।

इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें राजनयिक स्वागत के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा है। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की यात्राओं के दौरान रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई। कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में आधिकारिक कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और सरकारी हस्तियों के लिए रेड कार्पेट का उपयोग नहीं किया जाएगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl